गुरुवार
05 अक्टूबर 2023

# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज


लैंड फॉर जॉब्स मामले में लालू, तेजस्वी, राबड़ी देवी को जमानत

2



## आर्य समाज ने सबसे पहले घर वापसी से दिया था धर्मांतरण का जवाब: योगी

♦ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आर्य समाज के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित किया

**केटी न्यूज ब्यूरो/बस्ती**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में जब बड़े पैमाने पर धर्मांतरण कराया जा रहा था, तो उस समय सबसे पहले आर्य समाज ने घर वापसी कराकर उसका जवाब दिया था। वहीं अंग्रेजों ने जब भारतीयों पर तुष्टीकरण की नीति को थोपा तब आर्य समाज ने देश में वैदिक आंदोलन की शुरूआत की। आर्य समाज भारत का जीवंत आंदोलन रहा है। एक समय था बस्ती से लेकर कराची तक आर्य समाज का बोलबाला था। सीएम योगी ने बुधवार को होटल बालाजी में आर्य समाज बस्ती द्वारा आयोजित आर्य समाज के स्वर्ण जयंती महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वदेशी और अछूतोद्धार के कार्यक्रम को आर्य समाज ने आगे बढ़ाया। आर्य समाज के आंदोलनों ने अनेक क्रांतिकारी दिए। काकोरी एक्शन के महानायक पंडित रामप्रसाद बिस्मिल आर्य समाज की ही देन थे, जो एक प्रचारक के रूप में सांझापुर में कार्य करते थे। उस समय का हर क्रांतिकारी आर्य समाज के साथ जुड़कर गौरवान्वित महसूस करता था।

### महर्षि दयानंद सरस्वती ने शिक्षा को संस्कारों से जोड़ा था

सीएम योगी ने कहा कि शिक्षा को संस्कारों और आधुनिकता के साथ जोड़ने का कार्य आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती ने किया था। उन्होंने कहा कि डीएवी को एक समय देश की सबसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थाओं में से एक माना जाता था, जहां पर वैदिक प्रार्थना और हवन यज्ञ के साथ दिन की शुरूआत होती थी। सीएम योगी ने कहा कि युग प्रणेता महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के साथ पूरा भारत जुड़ रहा है और उन्हें नमन कर रहा है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ दिन पूर्व देश की राजधानी दिल्ली से महर्षि दयानंद सरस्वती जी के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम का शुभारंभ किया था। उन्होंने आर्य समाज के उस कार्यक्रम के माध्यम से देश और दुनिया में फैले लाखों आर्य वीरों को जागृत करने का कार्य किया था।

**आर्य समाज के कार्यों पर शोध करें युवा:** उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से आर्य समाज की स्थापना का 150वां वर्ष प्रारंभ होने जा रहा है, जो देश और हमारे समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस दौरान हमें अपने युवाओं को प्रेरित करना है कि वह आर्य समाज के कार्यों पर शोध करें। इससे हमारी वर्तमान पीढ़ी आर्य समाज के योगदान के बारे में जान पाएगी। कार्यक्रम में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश, जिला आर्य उप प्रतिनिधि सभा बस्ती के प्रधान ओम प्रकाश आर्य, महामंत्री दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा विनय आर्य समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## शराब घोटाला मामले में आप सांसद संजय सिंह को ईडी ने किया गिरफ्तार

**एजेंसी/नई दिल्ली**

शराब घोटाला मामले में पूछताछ के बाद ईडी ने आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार सुबह से ही संजय सिंह के आवास पर ईडी की छापेमारी चल रही थी। दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया शराब घोटाले मामले में पहले से ही तिहाड़ जेल में बंद हैं। आम आदमी पार्टी ने इसको लेकर सरकार पर निशाना साधा है। संजय सिंह की गिरफ्तारी की जैसे ही खबर सामने आई उनके आवास पर आप के कार्यकर्ता जमा हो गए। संजय सिंह को ईडी के दफ्तर में ले जाया गया है। कहा जा रहा है कि आज की रात वह ईडी के लॉकअप में ही रहेंगे। मेडिकल कराए जाने के बाद उनको गुरुवार सुबह कोर्ट में पेश किया जाएगा।

आरोप है कि शराब व्यापारियों को लाइसेंस देने के लिए दिल्ली सरकार की 2021-22 के लिए लाई गई आबकारी नीति ने गुटबंदी को बढ़ावा दिया और कुछ डीलरों को फायदा पहुंचाया जिन्होंने इसके लिए कथित तौर पर रिश्वत दी थी। आप ने इस आरोप का खंडन किया है। दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा सीबीआई से इस मामले की जांच कराने की सिफारिश करने के बाद इस नीति को रद्द कर दिया गया था।

### लाचेन घाटी में तीस्ता नदी में आई बाढ़ से सड़कें, बांध, पुल क्षतिग्रस्त

## सिक्किम में बादल फटने से तबाही पांच की गई जान, 40 लोग लापता

♦ आपदा के कारण पांच पुल ढहे, चुंगथान में 1200 मेगावाट का तीस्ता ऊर्जा बांध बुरी तरह प्रभावित
♦ सिंघताम में एनएचपीसी का बांध क्षतिग्रस्त
♦ पीएम मोदी ने सिक्किम के सीएम प्रेम सिंह तमांग से हालत के संदर्भ में की बात

**एजेंसी/गंगटोक**



उत्तरी सिक्किम में बुधवार को बड़ा हादसा हुआ है। यहां ल्होनक झील के ऊपर अचानक बादल फटने से लाचेन घाटी में तीस्ता नदी में बाढ़ आ गई। अचानक आई प्राकृतिक आपदा के कारण अब तक 5 लोगों की जान चली गई है और सुरक्षाबलों के 23 जवान समेत 40 लोग लापता बताए जा रहे हैं। इस बीच स्थिति का जायजा लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से बात की। पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक हैंडल से पोस्ट किया, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से बात की और राज्य के कुछ हिस्सों में दुर्भाग्यपूर्ण प्राकृतिक आपदा के मद्देनजर स्थिति का जायजा लिया। चुनौती से निपटने में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मैं सभी प्रभावितों की सुरक्षा और भलाई के लिए प्रार्थना करता हूं। इस आपदा के कारण पांच पुल ढह गए हैं, जिनमें मंगतम झील का पुल, सिंघताम का इंद्राणी पुल, शिरवानी पुल, लिंगी पुल और जंगू का पुल शामिल हैं। चुंगथान में 1200 मेगावाट का तीस्ता ऊर्जा बांध बुरी तरह प्रभावित हुआ है. सिंघताम में एनएचपीसी का बांध क्षतिग्रस्त हुआ है।

गंगटोक और पाक्योंग जिलों के सिंगतम और रंगपो शहरों जैसे निचले इलाकों में भारी तबाही मची है। सिक्किम के चुंगथांग में बांध को नुकसान हुआ है, जिसके बाद अचानक पानी भी ओवरफ्लो हो रहा है। तीस्ता नदी में जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। सिक्किम और कलिम्पोंग की ओर जाने वाली सभी सड़कें बंद हो गई हैं। गंभीर स्थिति को देखते हुए तिस्ता, रंगफो, सिंगतम और आसपास के अन्य क्षेत्रों के निवासियों के लिए अलर्ट जारी किया गया है।



### डैम टूटा, पुल बहा

बाढ़ के कारण देश की दूसरी सबसे बड़ी पनबिजली परियोजना 'तीस्ता ऊर्जा' को भारी नुकसान हुआ है। वहां जल संग्रहण के लिए बना डैम टूट गया है। डैम और बिजली घर को जोड़ने वाला पुल भी बह गया है। पावर हाउस ही पानी में डूबा हुआ है। उत्तरी सिक्किम में चुंगथांग और मंगन स्थित तीस्ता नदी पर 1200 मेगावाट की परियोजना ने पिछले साल से ही पहली बार मुनाफा कमाना शुरू कर दिया था लेकिन इस त्रासदी से उसे करोड़ों का घाटा हुआ है। सिक्किम ऊर्जा लिमिटेड के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील सरावगी ने कहा, चुंगथांग स्थित बांध दस मिनट में बह गया। पावर हाउस को जोड़ने वाला 200 मीटर लंबा पुल देखते ही देखते बह गया। पूरा पावर हाउस जलमग्न है।



### 8 तक शिक्षण संस्थान बंद

सिक्किम सरकार ने एक अधिसूचना में इसे आपदा घोषित कर दिया है। हालात को देखते हुए मंगन, गंगटोक, पाकयोंग और नामची जिलों में सभी स्कूल आठ अक्टूबर तक बंद रखने की घोषणा की गई है।

**सीएम ने सिंगताम का किया दौरा:** राज्य के मुख्यमंत्री पी.एस. तमांग ने बाढ़ के कारण हुए नुकसान का आकलन करने के लिए सिंगताम का दौरा किया। मुख्यमंत्री ने सिंगताम नगर पंचायत कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और उनसे स्थिति पर नजर रखने को कहा। तमांग ने कहा, ह्यह्यइस चुनौतीपूर्ण वक्त में, मैं इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से प्रभावित हुए सभी पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करना चाहता हूं।

### उज्ज्वला के लाभार्थियों को अब 600 रुपये में मिलेंगे गैस सिलेंडर

**नई दिल्ली।** मोदी कैबिनेट ने बुधवार को बड़ा फैसला लिया. कैबिनेट ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थी की सब्सिडी 200 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये कर दी है। कैबिनेट ने रक्षा बंधन और ओणम के अवसर पर एलपीजी में 200 रुपये कटौती की घोषणा थी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, उज्ज्वला योजना के लाभार्थी की बहनों की अब 300 रुपये की सब्सिडी मिलेगी। यानि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को अब गैस सिलेंडर 600 रुपये में मिलेंगे। कैबिनेट ने वन देवता के नाम पर तेलंगाना में केंद्रीय आदिवासी विश्वविद्यालय खोलने को भी मंजूरी दी। ये सेंट्रल ट्राइबल यूनिवर्सिटी 889 करोड़ की लागत से खुलेगी। कैबिनेट ने सेंट्रल टर्मरिक बोर्ड बनाने को भी मंजूरी दी। पीएम मोदी ने इसका ऐलान भी तेलंगाना में किया था. भारत हल्दी का सबसे बड़ा उत्पादक और खपत करने वाला देश है। 8400 करोड़ का हल्दी के निर्यात का लक्ष्य रखा है।

### वाराणसी में बड़ा सड़क हादसा, कार सवार आठ लोगों की मौत

**वाराणसी।** वाराणसी में बुधवार तड़के बड़ा सड़क हादसा हुआ। जिसमें 8 लोगों की मौत हुई है। फूलपुर के करखियांव में सुबह 4.30 बजे अर्टिगा कार आगे चल रही ट्रक में जा घुसी। हादसे में 5 साल के बच्चे को छोड़कर कार सवार 8 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 2 परिवार के लोग हैं। जो अपने परिवार के किसी सदस्य की अस्थि विसर्जित करने वाराणसी गए थे। लौटते समय वाराणसी-जौनपुर हाईवे पर हादसा हो गया। हादसे के शिकार सभी पीलीभीत के रहने वाले थे। मृतकों में रुद्रपुर निवासी विपिन यादव और इनकी मां गंगा यादव हैं। रुद्रपुर के ही महेंद्र वर्मा और इनकी पत्नी चंद्रकली, भाई दामोदर वर्मा व उनकी पत्नी निर्मला देवी व अन्य शामिल हैं।

## नेपाल के नेपालगंज में भड़की सांप्रदायिक हिंसा बॉर्डर इलाके में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू

**एजेंसी/नई दिल्ली**


नेपाल में एक कथित सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सांप्रदायिक हिंसा भड़क गई है। भारी तनाव को देखते हुए नेपाल-भारत से सटे बॉर्डर इलाके में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया गया है। मामला नेपाल के नेपालगंज उप-महानगर बांके का है। यहां मंगलवार से कर्फ्यू आदेश लागू है। जिला प्रशासन कार्यालय के अनुसार, कर्फ्यू के बीच हुई झड़प में बाईस लोग घायल हो गए हैं। इसमें 5 सैनिक और 17 आमलोग हैं।

बांके जिला प्रशासन कार्यालय ने धार्मिक अनुष्ठान के बाद बुधवार दोपहर 1 बजे से शहर में अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू का आदेश जारी किया है। माना जा रहा है कि सोशल साइट्स पर मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाने वाले स्टेटस से ये तनाव पैदा हुआ। मुख्य जिला अधिकारी बिपिन आचार्य ने कहा कि हिंसा और पत्थरबाजी को देखते हुए आम लोगों की सुरक्षा के लिए यह कर्फ्यू लगाया गया है। किसी को भी इकट्ठा होने की अनुमति नहीं दी गई है। स्थानीय प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अगर किसी को कानून का उल्लंघन करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद नेपाल से सटे उत्तर प्रदेश के इलाकों में भी अलर्ट घोषित कर दिया गया है।



### सोशल साइट पर आपत्तिजनक बातें डालने से बचें

स्थानीय प्रशासन ने सभी से आग्रह किया है कि वे सोशल साइटों पर सामाजिक और धार्मिक सद्भाव को खतरे में डालने वाली किसी भी सामग्री को अपलोड न करें या अपलोड न करें। नेपालगंज स्थित राजनीतिक दलों, धार्मिक नेताओं, नागरिक समाज के प्रतिनिधियों और आम जनता ने शहर में सद्भाव और शांति बहाल करने की अपील की है। अब तक भारत से आए 1,500 नेपालियों को सुरक्षित रूप से अपने गंतव्य स्थानों तक पहुंचाया गया है। जिले के जमुनहा प्वाइंट के रास्ते शिमला, कालापहाड़ और दिल्ली समेत भारत के विभिन्न स्थानों से नेपाली लोग घर लौट रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में नेपाल के अंदर सांप्रदायिक हिंसा में तेजी आई है। हिंसा की घटनाओं को रोकने के लिए अब स्थानीय प्रशासन को बार-बार कर्फ्यू लगाना पड़ रहा है। हिंदुओं और मुस्लिमों के बीच तनाव को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों की टेंशन बढ़ गई है।




### यूपी में मिशन टू मूवमेंट के माध्यम से हर नगर को स्मार्ट बनाने का सरकार का लक्ष्य

## वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लिए 762 नगरों के विकास पर फोकस

♦ सोशल, इन्वॉयरमेंटल और इकोनॉमिकल सस्टेनिबिलिटी के आधार पर नगरों का होगा कायाकल्प

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

यूपी को अगले पांच साल में वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने में जुटी योगी सरकार ने प्रदेश के सात सौ से ज्यादा नगरों को लेकर सुनियोजित ढंग से कार्य करना शुरू कर दिया है। फिलहाल प्रदेश में मौजूद 10 स्मार्ट सिटी सहित सभी नगर निगमों को सेफ और स्मार्ट सिटी के रूप में तेजी से डेवलप किया जा रहा है। वहीं मुख्यमंत्री की मंशा प्रदेश के 762 नगर निकायों के कायाकल्प के जरिए यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य तय करने को लेकर है। मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र के अनुसार नगरों का विकास सस्टेनेबल ग्रोथ के तीन स्तंभों पर आधारित है, जिससे की विकास की पूरी प्रकिया को स्थाई रूप प्रदान किया जा सके।

### मिशन टू मूवमेंट

प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लिए सरकार का फोकस ना केवल आर्थिक मोर्चे पर है बल्कि समाज और पर्यावरण भी प्राथमिकता में है। दरअसल, प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, व्यवसाय, पीने के लिए शुद्ध पेयजल, अस्पताल, बिजली, सड़क और आवास के लिए योगी सरकार पीएम मोदी के मिशन टू मूवमेंट के जरिए अपना लक्ष्य तय कर रही है। सरकार प्रदेश के विकास के हर मिशन को जनआंदोलन का रूप देना चाहती है। इसी नजरिए के साथ प्रदेश के सभी 762 नगरों को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर ही डेवलप करने को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है।

### गेटिंग मोर फ्रॉम लेस

मुख्य सचिव के अनुसार स्मार्टनेस की हमारी अवधारणा गेटिंग मोर फ्रॉम लेस की है। यानी संसाधनों का ऑप्टिमम यूटिलाइजेशन हो। इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ साथ टेक्नोलॉजी पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यक्ता है। जैसे, प्रदेश के सभी स्मार्ट सिटी और नगर निगमों को आज इंटिग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर से जोड़ा जा चुका है। कोरोना काल में आई ट्रिपल सी ने शानदार काम किया था। मगर आज इनके जरिए एक ही छत के नीचे से पूरे शहर को मैनेज किया जा सकता है। ये आई ट्रिपल सी आज नगरों के नर्व्स और ब्रेन दोनों बन चुके हैं।

**इन्वायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी:** पीएम मोदी ने 2070 तक कार्बन फुटप्रिंट को जीरा करने का संकल्प लिया है। उत्तर प्रदेश सरकार भी प्रदेश में लाइफस्टाइल को इनवायरमेंट फ्रेंडली बनाने में लगी है। मुख्य सचिव के अनुसार हमें संसाधनों का दोहन नहीं करना है। बल्कि सरकार का विशेष बल जनता के बिहेवियरल चेंज पर है। सरकार संसाधनों के रिड्यूस, रियूज और रिसाइकिल के जरिए एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी के फॉम्यूर्ले पर काम कर रही है। ठीक ऐसे ही इकोनॉमिकल सेस्टेनेबिलिटी में नवाचार के जरिए नई व्यवस्थाएं कैसे क्रियेट करें इसे लेकर सरकार का पूरा फोकस है।

### सोशल सस्टेनेबिलिटी

मुख्य सचिव के अनुसार सोशल सस्टेनेबिलिटी के जरिए आम जनता को विकास की प्रक्रिया के साथ जोड़ना है। जनता खुद विकास कार्यों से जुड़े, पर्यावरण के महत्व को समझे, हमारे भारतीय मूल्यों के साथ जुड़कर विकास के कार्यों में सहभागी बने। हर कोई जानता है कि यूपी में नदियों का जाल है, ज्यादातर हिमालयी नदियों में सालभर पानी रहता है। बावजूद इसके कई नदियां मृतप्राय हो गई थीं। नदियां कूड़ा और औद्योगिक कचरा ढोने वाली वाहिकाएं बनने लगीं। मगर योगी सरकार में यूपी में 50 से अधिक नदियों को पुनर्जीवित किया जा चुका है। इसी प्रकार ऐसे तमाम पोखरे तालाब लगभग मर चुके थे। आज उन्हें अमृत सरोवर का रूप दिया गया है। इनके पास अमृत वन बनाए गये हैं। तालाबों पर घाट बन गये हैं। यानी विकास की प्रक्रिया को हमारे मूल्यों के साथ जोड़ते हुए जनता को कनेक्ट करने का कार्य भी किया जा रहा है। क्योंकि विकास को जबतक लोगों के साथ नहीं जोड़ेंगे वो सस्टेनेबल नहीं होगा।

### लैंड फॉर जॉब्स मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने लालू परिवार को दी बड़ी राहत

# लालू, तेजस्वी, राबड़ी देवी को जमानत

- 50 हजार के मुचलके पर कोर्ट ने सभी को दी नियमित जमानत
- अब 16 अक्टूबर को इस मामले में होगी सुनवाई
- सीबीआई ने जमानत का किया विरोध



**केटी न्यूज/पटना**

लैंड फॉर जॉब्स मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से लालू परिवार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट से मामले में लालू, तेजस्वी, राबड़ी देवी को जमानत मिल गई है। 50 हजार के मुचलके पर सभी को नियमित जमानत दी गई है। अब 16 अक्टूबर को इस मामले में सुनवाई होगी। इस दिन से मामले में सुनवाई शुरू की जाएगी। सीबीआई ने जमानत का विरोध कर हुए कहा था कि सभी आरोपी बड़े पद पर हैं। ये केस को प्रभावित कर सकते हैं. कोर्ट ने कहा कि हमें ऐसा कुछ नहीं लगता. लालू, राबड़ी और तेजस्वी के साथ मीसा भारती भी कोर्ट पहुंची थीं। इधर, दिल्ली पहुंचने पर लालू यादव ने कहा था कि सुनवाई होती रहती है। हमने कोई ऐसा काम नहीं किया है जिससे हमें डरना पड़े।

तेजस्वी यादव का भी बयान सामने आया है उन्होंने कहा कि मोदी जी के राज में जो सच बोलेगा उसके ऊपर तो कार्रवाई होती ही है। ये एजेंसियों और पुलिस का दुरुपयोग कर रहे हैं। दरअसल, 22 सितंबर को सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने लालू यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव समेत 17 आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया था। सभी को 4 अक्टूबर को कोर्ट में पेश होने को कहा था। खबरों में मताबिक लैंड फॉर जॉब्स केस में कोर्ट ने तेजस्वी यादव के खिलाफ दायर चार्जशीट भी कोर्ट ने मंजूर कर ली है। उनके खिलाफ भी केस चलेगा। सीबीआई ने पहली बार बिहार के डिप्टी उट तेजस्वी यादव को आरोपी बनाया है।

**ये सब चलता रहेगा, हमें कोई फर्क नहीं पड़ता है- तेजस्वी यादव:** तेजस्वी यादव ने कहा है कि ये कोई पहला और आखिरी मामला नहीं है। ये सब बिहार की राजनीति में चलता रहेगा। हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। इन सब मामलों में कोई दम नहीं है। सुशील मोदी ने कहा है कि लैंड फॉर जॉब्स केस में कोई बच नहीं पाएगा। ललन सिंह ने पुख्ता सबूत दिए हैं।

### 3 रेल अधिकारियों के खिलाफ केस चलाने की मिली मंजूरी

इससे पहले सीबीआई ने कोर्ट को बताया था कि तीन रेल अधिकारियों के खिलाफ केस चलाने की इजाजत गृह मंत्रालय से मिल गई है। रेल अधिकारी मनदीप कपूर, मनोज पांडे, डॉ. पीएल बंकर के खिलाफ केस चलाने की परमिशन मिली है। वहीं, 12 सितंबर को ही लालू प्रसाद यादव पर केस चलाने की इजाजत गृह मंत्रालय ने दे दी थी। लैंड फॉर जॉब्स मामले में ये पूरी तरह से नया केस है। पुराने केस में पहले ही राजद सुप्रीमो लालू यादव, पूर्व सीएम राबड़ी देवी, बेटी और सांसद मीसा भारती जमानत पर हैं। नए केस में भी तेजस्वी के साथ साथ लालू और राबड़ी को आरोपी बनाया गया है। सीबीआई ने 3 जुलाई को तेजस्वी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

**क्यों जरूरी है इसमें गृह मंत्रालय की मंजूरी:** सीबीआई के मुताबिक, उनकी तरफ से लालू यादव के अलावा रेलवे के 3 अधिकारियों के खिलाफ भी केस चलाने की अनुमति मांगी थी, जो मिल गई है। बता दें कि लैंड फॉर जॉब्स मामला तब का है, जब लालू यादव रेल मंत्री थे। इसलिए गृह मंत्रालय से अनुमति लेना जरूरी था।

# जातीय गणना के आंकड़े सही नहीं, छुपाई गई है कई जातियों की संख्या: सम्राट चौधरी

**केटी न्यूज/पटना**



बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने जातीय गणना के आंकड़ों पर सवाल उठाया है. उन्होंने कहा कि ये सर्वे ठीक नहीं हुआ है. जातीय गणना में कई जातियों की संख्या भी छुपाई गई है. बीजेपी जातीय आधारित गणना का समर्थन करती है, लेकिन जो सवाल है वह उठाएगी। सम्राट चौधरी ने सीएम नीतीश कुमार और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नीतीश-लालू में दम हैं तो अपनी गद्दी छोड़कर किसी अति पिछड़े को बिहार की गद्दी सौंप दें, लेकिन यह वे नहीं करेंगे।

सम्राट चौधरी ने कहा कि एनडीए की सरकार ने पंचायती राज में अति पिछड़ों को आरक्षण की व्यवस्था की। नीतीश कुमार बिहार में जातीय समीकरण के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जातीय गणना रिपोर्ट जारी किया गया, लेकिन आर्थिक स्थिति की रिपोर्ट का क्या हुआ? 2023 में इतनी अशुद्ध रिपोर्ट क्यों जारी की गई? आरक्षण के दायरे को बढ़ाने के सवाल पर सम्राट चौधरी ने कहा की केंद्र ने रोहिणी आयोग का गठन किया है। आयोग की रिपोर्ट आने के बाद ही इस पर फैसला होगा।

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति बीजेपी नेता हरि साहनी की जाति जानना चाहते हैं। इनके परिवार में कितने सदस्य हैं। बेटे ने किस जाति वर्ग से शादी की। वहीं, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव किस जाति से आते हैं, उनकी पत्नी किस जाति से हैं। ये सब को पता है। लेकिन ये किस मैकेनिज्म से पता चलेगा। यह पूरा बिहार जानना चाहता है।

### उपेंद्र कुशवाहा ने ठगने का काम किया है: जदयू

जातीय गणना के आंकड़े पर जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने रालोजद प्रमुख उपेंद्र कुशवाह के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा की हंसी आती है मुझे। हमारे यहां आए थे राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के लिए, राष्ट्रीय अध्यक्ष तो दूर प्रदेश अध्यक्ष भी नहीं बन पाए। उनको संसदीय गुट का अध्यक्ष हमारे नेता ने बनाने का काम किया। उपेंद्र कुशवाहा ने कहा था कि आंकड़ों के मुताबिक जदयू को अपना प्रदेश अध्यक्ष बदल लेना चाहिए, इस पर उमेश कुशवाहा ने कहा कि उनको राज्यसभा भेजने का काम किया। विरोधी दल का नेता बनाया और विधान परिषद के सदस्य बनाए गए। इतना सम्मान देने के बाद भी ये लोग इतने महत्वाकांक्षी हैं कि उनके बारे में कुछ बताने की जरूरत ही नहीं है। बहुत तकलीफ होती है। उन्होंने समाज को सिर्फ ठगने का काम किया है। समाज को किस ओर ले गए हैं, वह सब लोग देख रहे हैं।

# सीएम ने दरगाह हजरत शाह की मजार पर की चादरपोशी

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को नेहरू पथ स्थित दरगाह हजरत शाह जलाल शहीद रहमतुल्लाह अलैह की मजार पर हाजिरी दी। उन्होंने बड़े अदब ओ एहतराम के साथ दरगाह हजरत शाह जलाल शहीद रहमतुल्लाह अलैह के मजार पर चादरपोशी की तथा अकीदत के फूल पेश किये। इस अवसर पर इमाम मौलाना अजमतुल्लाह रहमानी ने मुख्यमंत्री को राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए दुआ करायी। मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों के बीच आपसी मेल-जोल भाईचारा और सद्भाव के रिश्तों को मजबूत किये जाने की भी दुआ की। दरगाह हजरत शाह जलाल शहीद रहमतुल्लाह अलैह के प्रबंधन समिति की तरफ से मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया गया।

इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो० जमा खान, बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के चेयरमैन मो० इशार्दुल्लाह, बिहार राज्य शिया वक्फ बोर्ड के चेयरमैन मो० अफजल अब्बास, मजार शरीफ प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मेजर इकबाल हैदर खान मौजूद थे।



### हाथ में पिस्तौल लेकर हॉस्पिटल में घूमते रहे विधायक गोपाल मंडल

**गोपालपुर।** अपने बयानों से लगातार चर्चा में रहने वाले जदयू के विधायक गोपाल मंडल एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार वह हाथ में अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर लेकर हॉस्पिटल में दिख तो देखने वाले भी दंग रह गए। मीडिया ने जब सवाल पूछा कि आप खुलेआम रिवॉल्वर लेकर क्यों घूम रहे हैं तो उन्होंने अंगिका भाषा में कहा, हाथ म लैय के नय चलबै त भीतरी म लैय के चलबै। दरसअल, जदयू के गोपालपुर सीट से विधायक और पार्टी के सचेतक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल मंगलवार की शाम जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में अपनी पोती अवनि का सिटी स्कैन कराने पहुंचे थे।

# हाईकोर्ट ने सुबह 9 से शाम 4 बजे तक कोचिंग चलाने की रोक को किया खारिज

**केटी न्यूज/पटना**

पटना हाई कोर्ट ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के आदेश पर रोक लगा दी है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक के आदेश सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक कोचिंग चलाने की रोक को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट में मंगलवार को कोचिंग एसोसिएशन ऑफ भारत की याचिका पर सुनवाई हुई।

जस्टिस मोहित कुमार शाह की सिंगल बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि प्रदेश के कोचिंग संस्थानों पर इस तरह का फैसला लेने का अधिकार बिहार सरकार को नहीं है। कोर्ट ने कहा है कि इस तरह के फैसले लेने का अधिकार सिर्फ कोर्ट के पास है। इसके बाद सिंगल बेंच ने शिक्षा विभाग के केके पाठक के आदेश पर रोक लगा दी। दरअसल, बिहार के शिक्षा विभाग ने 31 जुलाई को शिक्षा विभाग अपर मुख्य सचिव के के पाठक ने राज्य के कोचिंग संस्थानों पर नकेल कसते हुए बड़ा आदेश जारी किया था। स्कूलों में उपस्थिति प्रभावित ना हो इसके लिए आईएएस के के पाठक ने आदेश जारी किया था। अपने आदेश में कहा था कि स्कूलों के संचालन के समय कोचिंग संस्थान संचालित किए जाने के कारण स्कूलों में बच्चों की उपस्थित कम हो जाती है। एसोसिएशन समेत और अन्य लोगों की ओर से पटना हाईकोर्ट में 16 सितंबर को याचिका दायर की गई थी।



# सदर अस्पताल में कायाकल्प योजना की जांच करने पहुंची राज्यस्तरीय टीम

❐ रिर्पोट में 70 अंक आने के बाद केंद्रीयस्तरीय की टीम करेगी जांच

**केटी न्यूज/बक्सर**



सदर अस्पताल के कायाकल्प तथा मरीजों को बेहतर इलाज मिलने की संभावना अब तेज हो गई है। सदर अस्पताल के कायाकल्प के तहत किए जा रहे कार्यों की जांच व ग्रेडिंग देने के लिए राज्य की दो सदस्यीय टीम ने विभिन्न बिंदुओं पर जांच किया है। इस टीम के जांच रिपोर्ट तथा अंक के आधार पर ही केन्द्र की टीम निरीक्षण करने आएगी। केन्द्रीय टीम के निरीक्षण के बाद ही अस्पताल में मरीजों के इलाज की सुविधाएं बढ़ाई जाएगी। विभागीय सूत्रों की मानें तो दो दिन तक चले इस जांच में राज्य की टीम संतुष्ट नजर आ रही थी। लिहाजा केन्द्रीय टीम के आने के लिए जरूरी 70 अंक मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। बुधवार को राज्य की टीम जांच पूरा कर वापस चली गई। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान निर्धारित मापदंडों के आधार पर सदर अस्पताल के हर वार्ड को बारीकी से परखा गया।

कार्यक्रम के तहत स्वच्छता के क्षेत्र में हुए कार्यों का टीम ने अस्पताल परिसर व विभिन्न वार्डों का जांच कर जायजा लिया। टीम ने कायाकल्प के तहत निर्धारित सभी 8 बिंदुओं पर विस्तृत रूप से जांच की है। टीम ने जांच के बाद रिर्पोट भी तैयार कर लिया है, जो विभाग को सौंप देगी। इसके पूर्व कायाकल्प की टीम ने 22 अगस्त को जांच किया था। जिसमें जिला को टीम ने 100 मे 82 अंक मिला था। जिसके बाद राज्य स्तरीय टीम ने उस प्राप्त स्कोर के आधार पर सदर अस्पताल का बुधवार को दूसरे दिन विशेष तौर पर जांच किया। वहीं टीम ने मंगलवार को ही पहुंच अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं की जांच शुरू की थी। रिर्पोटिंग एवं स्कोर निर्धारित होने के बाद यदि पॉजीटिव रिर्पोट आता है तो सेंट्रल की टीम जांच करने के लिए सदर अस्पताल पहुंचेगी। जिसका रिर्पोट तैयार कर विभाग को सौंपेगी।

**70 प्रतिशत अंक प्राप्त होने पर जांच को आएगी केंद्रीय टीम :** अस्पताल प्रबंधक दुष्यंत सिंह ने बताया कि इस जांच में यदि औसत 70 प्रतिशत अंक प्राप्त होता है तो राज्य की टीम जांच करेगी। सदर अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं व सुविधाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई कार्य कराये गये है। लोग स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के लिए सरकारी संस्थानों की ओर बढ़े इसको लेकर अस्पताल प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत है। स्वच्छता के साथ बेहतर सुविधा की जांच दो सदस्यीय टीम के सदस्यों राज्य स्वास्थ्य समिति आशा सेल की अधिकारी अंजु लता एवं पीरामल फाउंडेशन के अधिकारी संजीव दौलत राव ने सभी आठ बिंदुओं पर दो दिनों तक जांच किया। जो निर्धारित स्कोर विभाग को सौंपेंगे। जानकारी के अनुसार टीम ने अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं, इलाज के तौर तरीके, ओपीडी, पेशेंट वार्ड, सफाई व्यवस्था आदि को बारीकी से निरीक्षण किया। कायाकल्प के तहत हॉस्पीटल अपकीप, वास्ट मैनेजमेंट, बेयोंड हॉस्पीटल बाउंड्री, सैनिटेशन एंड हाईजीन, इंफेक्शन कंट्रोल, इको फ्रेंडली फैसिलिटी, सपोर्ट सर्विसेज, हाईजेनिक प्रोमोशन के बिंदुओं पर मार्किंग किया।

## एक नजर

### छह सूत्री मांगों के समर्थन में पशु टीकाकर्मियों ने निकाला आक्रोश मार्च, सौंपा ज्ञापन

**बक्सर।** बिहार राज्य पशु स्वास्थ्य रक्षा टीकाकर्मी सह मैत्री संघ गोप गुट के संयुक्त तत्वावधान में छह सूत्री मांगो को लेकर बुधवार को पशु टीकाकर्मी संघ के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार राकेश की अध्यक्षता में नगर भवन से आक्रोश मार्च निकाला गया, जो जिला पशुपालन कार्यालय पहुंच पशुपालन पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपने के पश्चात समाप्त हुआ। आक्रोश मार्च के दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि ठेकेदारी के द्वारा होने वाले पशुधन सहायक, चपरासी, रात्रि प्रहरी, सफाई कर्मी के बहाली को खत्म कर टीकाकर्मियों को निश्चित मानदेय पर अनुभव के आधार पर रखा जाए। विभाग के द्वारा पंचायत के कार्यों एवं पशु प्राथमिक उपचार कार्यों को टीकाकर्मी से कराया जा सकता है क्योंकि टीवीओ द्वारा उचित मार्गदर्शन पर इलाज कार्य करने की 10 से 15 वर्षों का अनुभव प्रमाण पत्र जिला पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा निर्गत किया गया है। जो कुशल कार्य करने का साक्ष्य प्रतीत होता है। विभाग के द्वारा ए आई कर्ता को मासिक वेतन की व्यवस्था की जाए। जिला पशुपालन कार्यालय के द्वारा पूर्व का बकाया भुगतान किया जाए। समेत छः मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया है। आगर मांगे पूरी नहीं होती है तो आगे और उग्र आंदोलन किया जायेगा। प्रदर्शन के दौरान जिला सचिव कृष्ण ठाकुर, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, नरेंद्र कुमार, अकबर, सत्येंद्र कुमार, अशोक सिंह, अमित कृष्णा, परमजीत, सत्यम, हरकिशन, धनिक लाल, उमेश जी, जितेंद्र, दिलखुश, अशोक भारती, परमजीत, सिद्धेश्वर, धर्मेंद्र ओझा, नरेंद्र सुमन, भदेश्वर, विजय शंकर, रामेश्वर, विद्यासागर, अरविंद कुमार सिंह, वीर बहादुर, रवि रंजन, मुरली मनोहर, विनोद गोसाई इत्यादि शामिल रहे।



### आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं का हड़ताल जारी, नामांकित नौनिहालों का पोषाहार बाधित

**बक्सर।** बिहार राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर अपनी मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रही आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं का हड़ताल छठवे दिन भी जारी रहा। राज्यव्यापी आंदोलन के तहत जिलेभर की आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं ने बुधवार को भी अपनी चट्टानी एकता का जिलेभर में प्रदर्शन किया और स्पष्ट कहा कि जबतक सरकार उनकी मांगें पूरी नहीं करती है तबतक उनका आंदोलन जारी रहेगा। हड़ताल के छठे दिन सदर प्रखंड मुख्यालय पर प्रखंड सचिव पुष्पा देवी की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान हड़ताली सेविका सहायिकाओं ने जमकर सरकार विरोधी नारे लगाये। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र बंद होने की वजह से आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों के लिए समस्या उत्पन्न हो गयी है। बच्चों का पोषहार भी बाधित हो गया है। धरना को सम्बोधित करते हुए पुष्पा देवी ने कहा कि जबतक सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्राप्त नहीं हो जाता है, तबतक सेविकाओं को 25000 और सहायिकाओं को 18000 प्रतिमाह मानदेय राशि दी जाय। वहीं उन्होंने अपने पांच सूत्री मांगो को गिनवाते हुए कहा कि जबतक उनकी मांगे पूरी नहीं होती है तबतक आंदोलन वापस नहीं होगा। धरना में माया कुमारी, चिंता कुमारी, कुमारी, सुनीता जायसवाल, अनीता कुमारी, उषा पांडेय, पूजा कुमारी, निशा चौहान समेत सैकड़ो की संख्या में आंगनबाड़ी सेविका सहायिका शामिल रही और अपनी मांगो को लेकर आवाज बुलंद किया। सदर प्रखंड के अलावे डुमरांव, राजपुर, सिमरी सहित कई अन्य प्रखंडो में भी सेविकाओं तथा सहायिकाओं का आंदोलन जारी है।



### पर्यावरण की बेहतरी के लिए जन्मदिवस जैसे खास मौके पर पौधरोपण जरूरी : शैलेश

**डुमरांव।** श्रीराम ओझा मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रहे पौधरोपण कार्यक्रम के तहत बुधवार को पर्यावरण प्रेमी और ट्रस्ट के सदस्य विशाल सिंह के जन्मदिन के अवसर पर पीपल, चंदन, बादाम, अमेरिकन साल, महोगनी तथा कदंब सहित 21 पौधे लगाएं गए। संस्था के द्वारा हर रविवार नियमित रूप से पौधरोपण किया जाता है और अब तक एक हजार से अधिक पेड़ विभिन्न जगहों पर लगाया जा चुकें है। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष शैलेश कुमार ओझा ने कहा कि पौधरोपण हमारी पृथ्वी एवं जीवन की रक्षा के लिए सबसे बेहतरीन उपाय है। उन्होंने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम हमें पेड़ लगाने व उसका संरक्षण करने की आदत डाले। पितृपक्ष में पूर्वजों की स्मृति में कम से कम एक पीपल अवश्य लगाएं। पीपल, बरगद, नीम जैसे वृक्षों के रोपण बंद होने से सूखे की समस्या बढ़ रही है, साथ ही पृथ्वी का जल स्तर भी घट रहा है। इससे निजात पाने का एकमात्र विकल्प पौधरोपण ही है। पौधरोपण कार्यक्रम में दक्षिण बिहार पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के प्रमुख रमेश कुमार सुदामा, सह प्रमुख नित्यानंद ओझा, विशाल सिंह, आनंद शर्मा, सोनू दुबे, मनीष पाल, धीरज पांडेय, जयरंजन पाल, बिटेशर पाल, शुभम, अनीश आदि लोग शामिल थे।



## खबरें फटाफट

### रंगेहाथ पकड़ा गया चोर, पुलिस को सौंपा

डुमरांव। नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव में बीती रात एक घर चोरी करता एक चोर रंगेहाथ गिरफ्तार हुआ है। घरवालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि नया भोजपुर गांव के गोरख चौधरी के घर मंगलवार की रात एक चोर घुस आया। अभी वह चोरी करना शुरू ही किया था कि घरवालों को इसकी भनक लग गई। घरवालों ने एकजुट हो उसे पकड़ लिया तथा पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया। गिरफ्तार चोर की पहचान गांव के ही इतरालिस खां के पुत्र शहाबुद्दीन खां के रूप में हुई है। उसके पास से उक्त घर से चोरी किया गया दो मोबाईल फोन तथा कुछ अन्य सामान भी बरामद हुआ है। नया भोजपुर ओपी प्रभारी मुकेश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि गिरफ्तार चोर को आवश्यक पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है।

### घर से निकली छात्रा गायब, केस दर्ज

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के आदर्श नगर मोहल्ले से कॉलेज के लिए घर से निकली छात्रा के गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में परिजनों ने अपहरण की आशंका होने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बताया जाता है कि छात्रा बीए पार्ट टू का परीक्षा देने वाली थी। वह एडमिट कार्ड लेने के लिए घर से निकली थी। लेकिन लौट कर नहीं आई। वह जब दोपहर बाद वापस नहीं लौटी तो परिजनों की चिंता बढ़ गयी। परिजनों ने काफी खोजबीन किया लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। छात्रा का मोबाइल भी बंद है। थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। गौरतलब है कि गांधी जयंती के दिन भी एक सुमित्रा कॉलेज रोड का एक किशोर गायब हो चुका है।

### सरकार की जातीय जनगणना ऑथेंटिक नहीं : विनोधर ओझा

**बक्सर।** राकांपा के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोधर ओझा ने कहा कि 1931 के बाद जितनी भी जनगणना हुई उसमें ब्राह्मणों की संख्या कुल आबादी की 4.7 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 3.65 प्रतिशत कैसे हो गयी है वही कुर्मी व कुशवाहा का बढ़ कैसे गया है ? यह गणना ऑथेंटिक नहीं है। इसे केन्द्र और बिहार सरकार को गहनता से विचार करनी चाहिए और यह विश्वसनीय नहीं हैं। इस जनगड़ना के आधार पर कोई काम या योजनाएं नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर बिहार सरकार सही मान रही है और अति पिछड़ी जाति का विकास चाहती है तो मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को अपनी कुर्सी त्यागनी चाहिए और जनगणना में बहुलता में दिखाए गए किसी जाति को मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना राजनीतिक निहितार्थ आनन फानन में करवाई गई है तथा कई घरों तक प्रगणक पहुंचे ही नहीं जबकि राज्य सरकार ने जातीय जनगणना का काम पूरा कर लिया है।

## नावानगर में जिलाधिकारी ने चयनित लाभुकों को दिया योजना का लाभ, कहा-

# प्रशासन व जनता के बेहतर समन्वय से ही संचालित हो सकती हैं विकास योजनाएं

**केटी न्यूज/नावानगर**



बुधवार को डीएम अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में नावानगर प्रखंड में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जन संवाद कार्यक्रम में सरकार डीएम तथा अन्य अधिकारियों ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में ग्रामीण जनता को विस्तार से जानकारी दी। साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के द्वारा अपना अनुभव साझा किया गया। जिला पदाधिकारी ने बताया कि आम जनों एवं अधिकारियों के बेहतर समन्वय से सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर बेहतर ढंग से संचालित किया जाना चाहिए। इसी उद्देश्य से इस जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने लोगों से अपनी अपनी समस्यचाओं को सुनाने को भी कहा। डीएम के सामने लोगों ने खुलकर अपनी बातें रखी। जिसका समाधान स्थानीय प्रशासन को प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्देश डीएम ने दिया।

जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित एसपी मनीष कुमार ने भी कार्यक्रम में आम जनों से संवाद किया। सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी अपने-अपने विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी आम जनों दिए। डीएम ने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को स्वीकृति पत्र, प्रमाण पत्र जन संवाद कार्यक्रम में वितरित किए। जिनमें नावानगर प्रखंड अंतर्गत अतिमी पंचायत में बकरी शेड के लिए मीना देवी, चईती देवी, सुभगीया देवी, सोमनिया देवी, प्रभावती देवी एवं लंगड़ी देवी, नावानगर प्रखण्ड अंतर्गत सोनवर्षा पंचायत में बकरी शेड के लिए बेबी देवी, सीता देवी एवं शोभा देवी है। जन संवाद कार्यक्रम में वर्ष 2023 में नावानगर प्रखण्ड अंतर्गत अनु जाति एवं अनु जनजाति अत्याचार निवारण के तहत मुआवजा भुगतान की गई। मुआवजा पाने वालों में रामजग राम, धनझारी देवी, अनामिका कुमारी, तिला देवी, यमुना धोबी, धनजी राम, शीला देवी, अवतार राम, निशा कुमारी, नागेश कुमार एवं विश्वामित्र पासवान है। जन सवांद कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। जहां आम जनों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की जा रही थी।

**आवास योजना के लाभुकों को मिला स्वीकृति पत्र :** प्रखंड कार्यालय के बाद डीएम तथा अन्य अधिकारी सोनवर्षा पंचायत के रामपुर गांव पहुंचे। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत यहां पंचायत स्तर पर जन संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ था। जन संवाद कार्यक्रम में पंचायत स्तर पर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। संबंधित पदाधिकारी अपने-अपने विभागों के संबंध में विस्तृत जानकारी दिए। इस दौरान डीएम ने आवास योजना एवं अन्य संबंधित योजनाओं चयनित लाभुकों को अपने हाथों स्वीकृति पत्र प्रदान किया। डीएम ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं उनकी उपलब्धियों के संबंध में आम जनों से संवाद किया। अंत में उन्होंने रामनगर के वार्ड नंबर 08 में पोखरा (पश्चिमी घाट) छठ घाट एवं चबूतरा के टाइल्स लगाने के कार्यों का निरीक्षण किया तथा संवेदक को गुणवत्तापूर्ण तथा मानक के अनुरूप काम पूरा करने का निर्देश दिए। अपने बीच डीएम को पा रामपुर के ग्रामीणों का उत्साह बढ़ गया था। इस दौरान ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं डीएम के सामने रखी। जिस पर डीएम ने बीडीओ को समाधान कराने का निर्देश दिया।

### डीएम के जनता दरबार में आए 19 मामले

**बक्सर।** बुधवार को जिलाधिकारी ने जनता दरबार का आयोजन किया था। जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल 19 फरियादी अपनी अपनी समस्याओं को लेकर आए थे। जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने बारी बारी से सबकी समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को उसके त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से इसकी प्रगति रिपोर्ट देने को भी कहा। इस दौरान डीएम ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान पारदर्शी तरीके से होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को जनता दरबार में आए मामलों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करें। अपर समाहर्ता प्रमोद कुमार समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे। वहीं प्रखंडों के संबंधित अधिकारी भी वीसी के माध्यम से जुड़े थे। हालांकि बारिश के कारण मौसम खराब होने से इस जनता दरबार में उम्मीद के मुताबिक फरियादी नहीं जुट पाए थे, लेकिन डीएम ने जनसंवाद कार्यक्रम के आयोजन के बावजूद लोगों की समस्याएं सुनी।

## विवाहिता की संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत, लगाया गया दहेज हत्या का आरोप

**डुमरांव।** पांच महीना पहले जिस युवती की शादी हुई थी उसकी संदेहास्पद मौत हो गई है। घटना के बाद से ही ससुराल वाले फरार हो गए हैं। जबकि मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है। मामला कोरान सराय थाना क्षेत्र के बैरिया गांव का है। बुधवार की सुबह उसका शव घर में फंदे से लटका मिला है। जानकारी मिलते ही कोरान सराय पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजी। मृतका नीतू कुमारी ऊर्फ टूसी देवी उम्र 21 वर्ष है। वह मूलरूप से नावानगर थाना क्षेत्र के अमृत राय के डेरा गांव के उपेंद्र सिंह की बेटी है तथा उसकी शादी कोरान सराय थाना क्षेत्र के बैरिया गांव के सत्येंद्र कुमार सिंह के पुत्र संतोष के साथ इसी वर्ष 20 मई को हुई थी।



कोरान सराय थानाध्यक्ष अभय कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि शव को कब्जे में ले लिया गया है, मामले की जांच की जा रही है। हालांकि समाचार समाचार लिखे जाने तक इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हुआ था। लेकिन मायके वाले दहेज हत्या का आरोप लगा रहे थे। वही शादी के पांच महीने बाद ही विवाहिता की संदेहास्पद मौत के बाद गांव में चचाओं का बाजार तेज है।

## ग्रामीण डाक सेवकों ने दी चेतावनी, मांगें पूरी नहीं होने पर करेंगे उग्र आंदोलन

**केटी न्यूज/बक्सर**

अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ जिला इकाई और नेशनल यूनियन बक्सर के संयुक्त तत्वावधान में केंद्रीय कमेटी दिल्ली के आह्वान पर ग्रामीण डाक सेवकों ने अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर बुधवार को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल किया। हड़ताल पर होने के कारण डाक सेवक कोई काम नहीं किये। हड़ताल का नेतृत्व सचिव अजय बहादुर सिंह एवं अध्यक्ष अजीत तिवारी ने संयुक्त रूप से किया।

इसके साथ ही उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यदि सरकारी उनकी पांच सूत्री मांगों को यथाशीघ्र पूरा नहीं करती है तो आगे आंदोलन भी शुरू किया जाएगा। पांच सूत्री मांगों में ग्रामीण डाक सेवकों की ड्यूटी 8 घंटे करने, कमलेश चंद्र की रिपोर्ट लागू करने, पेंशन लागू करने, चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने एवं केंद्रीय सुविधा उपलब्ध कराने की मांगे शामिल रही। इस मौके पर दिनेश मिश्र, रामाशीष सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, तेज नारायण सिंह, वंश नारायण राम, हरि नारायण मिश्र मुख्य रूप से शामिल रहे। वहीं नेशनल यूनियन के विनोद कुमार पांडेय शामिल हुए।




◆ पांच सूत्री मांगों को लेकर दिया एक दिवसीय धरना

## गौशाला रोड में माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को पार करना होगा भूल-भुलैया

# गुफाओं में मां दुर्गा के साथ विराजेंगे देवतागण

**केटी न्यूज/डुमरांव**

आगामी 15 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र शुरू है। इस बीच दुर्गा पूजा कमेटियां अभी से तैयारी में लग गयी है। साथ ही पूजा पंडालों को भव्यता देने की भी तैयारी शुरू हो चुकी है। स्थानीय शहर के गौशाला रोड में इस बार भक्त भूल-भुलैया पार्ट टू गुफा पंडाल में उल्लू द्वार से प्रवेश कर मां का दर्शन करेंगे। श्री दुर्गोत्सव पूजा समिति द्वारा सिल्वर भूल-भुलैया गुफा पंडाल का निर्माण शुरू कराया गया है। भूल-भुलैया पंडाल में मां महालक्ष्मी, गणेश, कार्तिकेय, सरस्वती के अलावे महादेव के साथ मां काली का भी दर्शन करेंगे। प्रतिमा और पंडाल को भव्य रूप देने के लिए पीएस इवेंट मैनेजमेंट ग्रुप के कारीगर दिन-रात जुटे है। समिति के अध्यक्ष प्रियांशु राज ने बताया कि इस बार करीब चार लाख रुपये के खर्च का अनुमान है। इस प्रतिमा व पंडाल को आकर्षक रूप देने के लिए कारीगरों का विशेष योगदान है। इस बार भूल भुलैया पंडाल में प्रवेश करने के लिए उल्लू द्वार से होकर जाना होगा। मां लक्ष्मी ने अपने वाहन के रूप में उल्लू पक्षी को चुना है।



बता दें कि उल्लू धन की देवी मां लक्ष्मी की सवारी है।

भारतीय संस्कृति में उल्लू को शुभता और धन संपत्ति का प्रतीक माना जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार उल्लू सबसे बुद्धिमान निशाचरी प्राणी होता है। उल्लू को भूत और भविष्य का ज्ञान पहले से ही हो जाता है। समिति के उपाध्यक्ष इंद्रजीत कुमार, पंकज सिंह, कोषाध्यक्ष अंकुर कुमार, सुमंत कुमार, उदय, सुनील, प्रभात, पवन, चंदन कृष्णा आदि सदस्यों ने बताया कि यहां कई वर्षों से मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजन की जाती है। यहां की प्रतिमा डुमरांव सहित आसपास के इलाके में चर्चित रही है। नवरात्र के सप्तमी के दिन पट खुलने के दौरान भव्य आरती का आयोजन किया जाता है। यह सिलसिला अष्टमी और नवमी को रहता है। आरती के दौरान ढोल-नगाड़ों और वैदिक मंत्रोच्चारण की धुन बनी रहती है। इस मौके पर सैकड़ो महिला व पुरुष श्रद्धालु उमड़ते है। समिति के सदस्यों द्वारा आगंतुकों के लिए विशेष सुविधा मुहैया करायी जायेगी। साथ ही श्रद्धालुओं को दर्शन करने में कोई परेशानी न हो इसका विशेष ख्याल रखा जायेगा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से सदस्यों की तैनाती की जायेगी। मां के दर्शन के लिए महिला व पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग रास्ते बनाये गये है।



# 5 साल तक वर्ष में एक बार फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन जरूरीः एसीएमओ

- केंद्रीय कारा में एमडीए अभियान शुरू, बंदियों को खिलाई जा रही है फाइलेरिया रोधी दवाएं

**केटी न्यूज/बक्सर**




जिले में चल रहे फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत बुधवार को मंडल कारा में संचालित सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान की शुरूआत की गई। जिसके तहत जिले में स्थापित केंद्रीय कारा, ओपन जेल और महिला कारा में निरुद्ध सभी बंदियों को दवाओं का सेवन कराया जाएगा। ताकि, इन बंदियों को फाइलेरिया से सुरक्षित किया जा सके। इस दौरान केंद्रीय कारा के जेलर त्रिभुवन सिंह ने एमडीए की दवाओं का सेवन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह डीएमओ डॉ. शैलेन्द्र कुमार, जेल चिकित्सक डॉ. अमलेन्द्र कुमार, वीबीडीएस राजीव कुमार, बीएचएम प्रिंस कुमार सिंह,पिरामल स्वास्थ्य के डीपीओ प्रभात कुमार और पीसीआई के शादाब आलम मौजूद रहे।

डीएमओ डॉ. शैलेन्द्र कुमार ने बंदियों को फाइलेरिया और एमडीए के संबंध में बंदियों को विस्तृत जानकारी दी। ताकि, बंदियों को जागरूक और उन्हें दवाओं का सेवन करने के लिए प्रेरित किया जा सके। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया रोधी दवाओं का साल में एक बार लगातार पांच वर्ष तक करने से लोगों के फाइलेरिया की चपेट में आने की संभावना पूरी तरह से खत्म हो जाती है। इसलिए अनिवार्य रूप से सभी अभियान में शामिल हो और दवाओं का सेवन करें।

**मच्छरों से बचाव बेहद जरूरी :** वीबीडीसी राजीव कुमार ने बंदियों को बताया कि फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है जो मच्छरों से फैलती है। जेल परिसर में और आस-पास जल जमाव वाले क्षेत्र व गंदे स्थानों पर पनपने वाले कई मच्छर कई गंभीर रोग के कारक होते हैं। इसलिये हमें आवासीय स्थान को स्वच्छ बनाये रखने का प्रयास करना चाहिये। आप सभी अपने परिवार के लोगों को भी इसके लिए जागरूक करें। जिससे उन्हें भी गंभीर बीमारियों की चपेट में आने से बचा सकें। साथ ही, सभी को मच्छरों से बचाव करते हुए मच्छरदानी में सोना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज के लिए फाइलेरिया उन्मूलन आवश्यक है। समय पर इलाज नहीं होने से यह बीमारी मरीज को दिव्यांग बना सकती है। हम या हमारे परिजन इसकी चपेट में न आए इसलिए दवाओं का सेवन भी जरूरी है।

# मासूम बच्ची के हाथ में पकड़ाया बिजली प्रवाहित तार, हुई मौत



**केटी न्यूज/आरा**



जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महकमपुर बारा गांव में करंट लगने से पांच साल की एक बच्ची की मौत हो गई। बच्ची घर के पास खेल रही बच्ची को गांव के ही एक युवक ने करंट प्रवाहित तार पकड़ा दिया। जिससे वो बुरी तरह से झुलस गई। आननफानन में पिरजन उसे सदर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर गांव में अफरातफरी मच गई। मृत बच्ची मुकेश कुमार की बेटी सिमरन कुमारी थी। जो आंगनबाड़ी में पढ़ती थी।

उसके चाचा अमरजीत कुमार ने बताया कि उसके घर के पास गांव के लोगों के मोटर का तार लगा है। बुधवार की दोपहर उसकी भतीजी अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। तभी गांव का एक युवक वहां आया और बच्चों को भगाने लगा। जब बच्चे नहीं मानें तो उसने करंट प्रवाहित तार उसकी भतीजी के हाथ में दे दिया। जिससे वह करंट के चपेट में आ गई। यह देख युवक वहां से भाग गया। सूचना मिलने पर परिजन पहुंचे और डंडे से करंट प्रवाहित तार को उसके हाथ से हटाया। मौत की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। अमरजीत कुमार द्वारा गांव के छोटक यादव नाम के युवक पर अपनी भतीजी सिमरन कुमारी के हाथ में करंट प्रवाहित तार देने का आरोप लगाया है। हालांकि अमरजीत कुमार ने बताया कि युवक द्वारा जान बुझकर उसकी भतीजी को तार पकड़ाया था या मजाक में यह स्पष्ट नहीं है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## खबरें फटाफट

### विषैले जन्तु के काटने से महिला की मौत

**आरा।** गड़हनी थाना क्षेत्र के रतनाढ़ गांव में विषैले जन्तु के काटने से 40 वर्षीया महिला की मौत हो गयी। इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी जान चली गई। हालांकि ग्रामीण सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार झाड़-फूंक के चक्कर में महिला की जान चली गयी। मृतका रतनाढ़ गांव निवासी ओम प्रकाश सिंह की पत्नी सोनमती देवी थी। मृतका की बेटी खुशबू कुमारी ने बताया कि उसकी मां बुधवार की सुबह घर के बगल में दीवार से उपले निकाल रही थी। उसी दौरान किसी विषैले जन्तु ने उन्हें काट लिया। जिसके बाद उन्होंने घर के लोगों को घटना की जानकारी दी। तब तक उसकी हालत काफी गंभीर हो गयी थी। तब परिजन झाड़-फूंक करने को लेकर उन्हें बक्सर के कंज्या बाबा धाम ले गए। झाड़-फूंक करने के बाद भी हालत में सुधार नहीं देख उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं की हड़ताल जारी

**जहानाबाद।** आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं नें सरकार से अपने लड़ाई को देखते हुये न पानी नहीं बारिश देख रही है और हर रोज समेकित बाल विकास परियोजना कार्यालय मखदुमपुर में धारने में उपस्थित होकर सरकार से मानदेय के लिए गुहार लगाई बैठी है। वहीं जिला मंत्री मंटू देवी नें बताई की मिनी आंगनबाड़ी बहनों को भी हमलोग ही जैसा काम कराया जा रहा है तो उसे भी समान बेतन सरकार को देना चाहिये और सरकार से हमलोग की 21 सूत्री मांग है। जिसमें राज्य सरकार से 10 हजार की मांग है और साथ ही 5 सूत्री और राज्य सरकार से ही मांग है। इसमें जबतक हमारी मांगों को सरकार पूरी नहीं करती तब तक अनिश्चित कालीन हड़ताल जारी रहेगी। जब चाचा भतीजे की सरकार को यह पता नहीं चल रहा है कि आंगनबाड़ी केंद्र बंद होने से कितने गरीब को बच्चे अतिकुपोषित हो रहे है। महिलाओं को राज्य सरकार से कोई समान नहीं दिया जा रहा है। ऐसी सरकार को 2024 में मानदेय नहीं बढ़ाने पर सरकार को बदलना ही उचित है। वहीं इस धारने में प्रखंड अध्यक्ष अनीता देवी, गुड़िया कुमारी, आशा, प्रमिला, ममता, राजरानी, पूनम, रेखा, अंजू, बबिता, हर्षवर्धन, संजू, पिंटू, नविन, आरती और भी काफी संख्या में आंगनवाड़ी धारने में मौजूद थी।

## मखदुमपुर प्रखंड के पुनहदा में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

# ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर कार्रवाई करें अधिकारीः डीएम

- जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों ने लोगों को दी योजनाओं की जानकारी

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में बुधवार को मखदुमपुर प्रखंड अंतर्गत पुनहदा पंचायत के नौगढ़ ग्राम में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुनहदा मुखिया श्रीमती निभा कुमारी के द्वारा जिलाधिकारी को पौधा देकर स्वागत किया गया। जिलाधिकारी ने सभा को संबोधित करते हुए जन संवाद कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी गई एवं उपस्थित ग्रामीणों से पंचायत में संचालित विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु फीडबैक देने की अपील की गई। इस क्रम में ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर जिला पदाधिकारी द्वारा आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

कार्यक्रम में बिहार सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाएं यथा राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम संसाधन विभाग, पंचायती राज विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, उर्जा विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, सहकारिता विभाग, कृषि विभाग, अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, उद्योग विभाग, परिवहन विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, पथ निर्माण विभाग,जीविका आदि विभागीय योजनाओं के संबंध में संबधित विभाग के जिला स्तरीय पदाधिकारीयों के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। आयोजन स्थल पर विभिन्न विभागों के काउंटर बनाए गए थे जिस पर ग्रामीणों को बारी-बारी से जानकारी दी जा रही थी।



बैठक में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाएं यथा मुख्यमंत्री पोशाक योजना, मुख्यमंत्री बालक/बालिका साईकिल योजना, पंचायत स्तर पर उच्च माध्यमिक विद्यालय इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा जन संवाद कार्यक्रम में प्राप्त होने वाले आवेदनों/ सुझाव एवं समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी को दिया गया। जन संवाद कार्यक्रम में श्रम अधीक्षक द्वारा कुशल युवा कार्यक्रम, शताब्दी क्रमकार योजना की जानकारी दी गई। जन संवाद बैठक में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग एवं पंचायत राज विभाग द्वारा संचालित योजनाएं का ग्रामीणों के साथ संवाद कर हर घर नल का जल योजना के संचालन एवं इसके अनुरक्षण पर परिचर्चा किया गया। मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना की समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया तथा समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

बैठक में मुख्यमंत्री ग्रामीण स्ट्रीट लाईट योजना, घर तक पक्की गली-नालियॉ आदि की जानकारी दी गई। साथ ही मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबद्ध योजना एवं पृथक कृषि फीडर एवं हर घर तक बिजली योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। इस क्रम में विद्युत विपत्र विसंगति के ऊपर भी परिचर्चा की गई एवं उसके निराकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सतत जीविकोपार्जन योजना, ग्रामीण आवास योजना, मुख्यमंत्री वास स्थल क्रय योजना, स्वच्छ गांव समृद्ध गांव, जल-जीवन-हरियाली अभियान के बारे में विस्तार से बताया गया तथा पंचायत में चल रही योजनाओं की जानकारी दी गई। सहकारिता विभाग द्वारा अधिप्राप्ति, मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना, पैक्सों का संचालन इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। जन संवाद कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा खाद्य एवं बीज वितरण, जलवायु अनुकूल खेती, फसल अवशेष प्रबंधन इत्यादि की जानाकरी दी गई। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं यथा मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण छात्रावास खाद्यान्न/अनुदान योजना, मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना इत्यादि के बारे में बताया गया। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग तथा पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा कल्याण विभाग द्वारा आवासीय विद्यालय योजना, छात्रावास खाद्यान्न/अनुदान योजना, मेधावृत्ति योजना (शिक्षा विभाग), सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना सहित अन्य योजना की जानकारी दी गई।

## अवैध बालू लदे नौ ट्रक और दो ट्रैक्टर जब्त, दो गिरफ्तार

**आरा।** अवैध खनन व परिवहन को लेकर प्रशासन सख्त हो चुका है। जिसके तहत पीरो अनुमंडल में मंगलवार की रात अवैध बालू लदे नौ ट्रक और दो ट्रैक्टर जब्त किया गया। साथ ही, पुलिस ने दो बालू तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। जिनमें बक्सर जिला के सोनवर्षा ओपी क्षेत्र के गिरिधर बरांव निवासी कमलेश यादव और रोहतास के दावत थाना क्षेत्र के कवई गांव निवासी अखिलेश सिंह शामिल हैं। दोनों को अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि डीएम और एसपी के निर्देश पर बालू के अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ सशक्त कार्रवाई की गयी। उस दौरान इमादपुर, अगिआंव बाजार और सिकरहट्टा थाना क्षेत्र में अभियान चलाया गया। जिसमें इमादपुर थाना क्षेत्र के बिहटा चौक के पास से अवैध बालू लदे छह ट्रक और सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के नोनाडीह मोड़ के समीप बालू लदे दो ट्रक जब्त किए गए। वहीं अगिआंव बाजार थाना पुलिस ने चोरी के बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त क्रिया गया। मौके से दो तस्कर पकड़े गए। खनन पदाधिकारी और पीरो एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित टीम में अगिआंव बाजार थानाध्यक्ष अरविंद कुमार, इमादपुर थानाध्यक्ष ओम प्रकाश और सिकरहट्टा थानाध्यक्ष पवन कुमार शामिल थे। बता दें कि डीएम और एसपी के निर्देश पर जिले में पिछले कुछ माह से अवैध खनन के खिलाफ जबरदस्त अभियान चलाया जा रहा है।




## हत्या में वांछित आरोपित दो भाइयों के खिलाफ वारंट जारी

**आरा।** टाउन थाना क्षेत्र के मझौंवा गांव में मोबाइल पर कॉल करने के विवाद में ब्लॉक कर्मी के बेटे की हत्या में वांछित दो भाइयों के खिलाफ कोर्ट की ओर से बुधवार को वारंट जारी कर दिया गया है। पुलिस गुरुवार को वारंट हासिल कर लेगी। उसके साथ ही इस मामले में आरोपितों के खिलाफ कुर्की की भी प्रक्रिया शुरू हो गयी। पुलिस वारंट का तामिला करने के बाद इस्तेहार के लिए जल्द ही कोर्ट में अर्जी देगी। कोर्ट की ओर से जिन आरोपितों के खिलाफ वारंट जारी किया गया है, उनमें मझौंवा गांव निवासी अनिल सिंह उर्फ भुलचुल सिंह और उसके भाई अरविंद सिंह शामिल हैं। बता दें कि मोबाइल पर कॉल करने के विवाद में शनिवार की रात मझौंवा गांव निवासी ब्लॉक कर्मी सुरेंद्र सिंह का 26 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार सिंह की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। मारपीट और गला दबाकर हत्या करने के बाद शव को बाइक पर लादकर गांव स्थित काली मंदिर के पास फेंक दिया गया था। उसे लेकर मझौंवा गांव के अनिल सिंह उर्फ भुलचुल सिंह, उसके भाई अरविंद सिंह, पिता रामजी सिंह और भाभी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उसके बाद से पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

## आरोपित बेटे को भगाने के आरोप में हिरासत में लोजपा नेता, पुलिस ने पूछताछ के बाद छोड़ा

**केटी न्यूज/आरा**

जिला मुख्यालय स्थित टाउन थाना क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ले में फायरिंग मामले में हिरासत में लिए गए लोजपा नेता मनोज पासवान को थाने से छोड़ दिया गया। मनोज पासवान पर उनके बेटे को भगाने का आरोप लगाया गया था। जिसको लेकर पुलिस ने पूछताछ की और बुधवार सुबह उन्हें पीआर बॉन्ड पर थाने से मुक्त कर दिया गया। मामले को लेकर जिले के लोजपा कार्यकताओं और नेताओं ने उनको हिरासत में लेने का विरोध किया था और आंदोलन की भी चेतावनी दी गयी। लोजपा ने मामले में पुलिस पर उन्हें घसीट कर ले जाने का आरोप भी लगाया था। उसे लेकर मंगलवार को देर रात तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। उसके बाद बुधवार की सुबह उन्हें छोड़ दिया गया। लोजपा नेता मनोज पासवान को मंगलवार को छापेमारी के दौरान पुलिस के साथ धक्का मुक्की कर फायरिंग कांड में आरोपित अपने बेटे विश्वजीत पासवान को भगाने के आरोप में हिरासत में लिया गया था।

### सीआरपीएफ जवान के घर रोड़ेबाजी और फायरिंग मामले में 9 पर केस

वहीं, पुलिस फायरिंग के आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर बुधवार को भी छापेमारी करती रही, लेकिन अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। बताया जाता है कि सोमवार की शाम गाड़ी लगाने के विवाद में आनंद नगर मोहल्ले में एक सीआरपीएफ जवान के घर पर चढ़ कर जमकर रोड़ेबाजी और फायरिंग की गयी थी। मामले में फौजी के घर आये रिश्तेदारों की तीन गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गयी थी। उस मामले में फौजी की पत्नी की ओर से 9 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। उसमें आनंद नगर मोहल्ला निवासी अमित कुमार, हिस्ट्रीशीटर मंटू कहार, उसके पिता गणेश कहार, उसी मोहल्ले के छोटू सोनार, लाला मउआर, चंदन चौधरी, रोहित कुमार और नवादा थाना क्षेत्र के श्रीटोला बस स्टैंड निवासी विश्वजीत पासवान सहित नौ लोगों को नामजद किया गया है। आठ-दस अज्ञात लोगों को भी आरोपित किया गया है।




## लोगों को हाथीपांव की तकलीफ से बचाने के लिए दवा सेवन के लिए करा रही राजी

# हाथीपांव मरीज रुधि एवं रुबी की कोशिश बनी मुहिम

**केटी न्यूज/नवादा**

जिला के सदर प्रखंड का गांव है भरोसा। रुधि कुमारी और रुबी कुमारी इस गांव की रहने वाली हैं और अब दोनों गांव के जाने माने चेहरों में शामिल हैं। कई सालों तक अनजान रहे इन चेहरों को अब गांव वालों के साथ-साथ आसपास के टोलों के निवासी भी आसानी से पहचान लेते हैं। दरअसल यह पहचान उनके द्वारा फाइलेरिया के प्रति लायी जाने वाली जागरूकता और सर्वजन दवा सेवन अभियान में फाइलेरिया रोधी दवा सेवन कराने में स्वास्थ्यकर्मियों की मदद करने की वजह से बनी है।

35 वर्षीय रुधि पंद्रह सालों से अधिक समय से वह हाथीपांव से पीड़ित हैं। रुधि बताती हैं कि वह हाथीपांव की पीड़ा का



गहराई से समझती हैं। वह नहीं चाहती हैं ?कि उनके गांव-टोले या आसपास के लोगों को हाथीपांव हो। इसलिए वह रोजाना अपना घरेलू काम निबटा गांव में लोगों को हाथीपांव के बारे में बता कर दवा सेवन करने की अपील करने निकल जाती हैं।

### गांव की महिलाओं की कोशिश से दिखने लगा परिणाम

गांव के लोगों को फाइलेरिया से बचाने के लिए दोनों महिलाओं ने जी-जान लगा दिया है। उनकी कोशिश एक मुहिम बनी गयी है। उन्हें देख अब दूसरे फाइलेरिया मरीज भी लोगों को दवा सेवन कराने की अपील के साथ घर से बाहर निकल रहे हैं। रुबी और रुधि की मुहिम का परिणाम है कि गांव में 150 से अधिक लोगों ने दवा का सेवन किया है। किसी ने दवा खाने से इन्कार नहीं किया और सभी लक्षित लाभार्थियों ने दवा का सेवन किया। स्कूल के बच्चों सहित आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी लक्षित समूहों को दवा सेवन कराया गया है। इन महिलाओं ने गांव के फाइलेरिया मरीजों के साथ मिलकर भरोसा पेशेंट ग्रूप तैयार किया है। समूह की मदद से फाइलेरिया मरीज एक दूसरे के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ते हैं। और फाइलेरिया से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हैं।

इस काम में फाइलेरिया मरीज रुबी कुमारी भी रुधि का साथ दे रही हैं। रुबी को भी हाथीपांव है। दोनों गांव में घूम-घूम कर लफाइलेरिया रोधी दवा सेवन के लिए लोगों को राजी कर रहीं हैं। रुबी बताती हैं कि गांव के कई पुरुष और महिलाएं फाइलेरिया से पीड़ित हैं। हाथीपांव के कारण जीवन काफी प्रभावित हुआ है। इसलिए घर-घर पहुंच कर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करने की अपील कर रही हैं। स्वास्थ्यकर्मियों के साथ वह लोगों के पास पहुंच दवा सेवन कराने में मदद करती हैं।



# जवान का शव आते ही मचा कोहराम, राजकीय सम्मान से दी गई विदाई

❒ अंडमान निकोबार में इ्यूटी के दौरान हृदयाघात से हुई थी मौत

**केटी न्यूज/नगरा**



अंडमान निकोबार में ड्यूटी के दौरान हृदयाघात से मृत सेना के जेसीओ रवि प्रकाश सिंह का पार्थिव शरीर बुधवार को पैतृक गांव ताड़ी बडा गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। अंतिम दर्शन के लिए सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जुट गए। सलेमपुर के सांसद रविंद्र कुशवाहा,पूर्व विधायक धनंजय कन्नौजिया, एसडीएम व सी ओ रसड़ा सहित बड़ी संख्या में लोगों ने पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। सेना की तरफ से पार्थिव शरीर पर पुष्प गुच्छ अर्पित किया गया। शव के साथ आए जवानों ने गार्ड आफ आनर दिया।

ताड़ीबडा गांव निवासी वीर बहादुर सिंह के तीसरे पुत्र रविप्रकाश सिंह सेना के जेसीओ पद पर अंडमान निकोबार में तैनात थे । जिनका रविवार को हृदयाघात से देहांत हो गया था ।जवान का पार्थिव शरीर आने की सुचना पर सैंकड़ों ग्रामीण व परिजन नगरा पहुंच गए। वहां पर गगनभेदी नारे के साथ शव पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद पार्थिव शरीर घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। पूरा गांव रवि प्रकाश सिंह का अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजिल देने को उमड़ पड़ा। दरवाजे पर सांसद रविंद्र कुशवाहा, पूर्व विधायक धनंजय कन्नौजिया, एसडीएम सदानंद सरोज व क्षेत्राधिकारी मो फहीम ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। इसके बाद शव के साथ आए सेना के अधिकारियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद मातमी धुन के साथ अन्तिम सलामी दी गई। गौरतलब है कि एक अक्टूबर को रवि प्रकाश सिंह का अंडमान निकोबार में ड्यूटी के दौरान हृदयाघात से मौत हो गई थी।

### शव से लिपट कर बिलखने लगे परिजन



सेना के मृत जवान रवि प्रकाश सिंह का शव घर पहुंचते ही परिजन लिपट कर बिलख-बिलख कर रोने लगे। उनके करुण क्रंदन से पूरे गांव का माहौल मातमी हो गया। पिता वीर बहादुर सिंह गहरे सदमे से बुत से हो गए। पत्नी किरन सिंह दहाड़े मार कर रोते-रोते गश खाकर गिर जा रही थीं। मृत जवान का अन्तिम संस्कार गांव पर ही किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र रचित ने दी।

# मऊ में बंदरों के आतंक से लोग हुए परेशान, पहुंचा रहे नुकसान

**केटी न्यूज/मऊ**

मुहम्मदाबाद गोहना नगर पंचायत के मोहल्ला जमीन बरामदपुर , अंसार नगर ,कैलेंडर तिराहा आदि स्थानों पर बंदरों का इस कदर आतंक बढ़ गया है कि लोग पूरी तरह से परेशान हो चले हैं। यह उत्पाती बंदर बच्चे बुजुर्गों एवं महिलाओं को भी काट चुके हैं। सुबह, दोपहर, शाम बंदरों का झुंड जमीन बरामदपुर एवं अंसार नगर में पहुंचकर घरों में घुसकर खाने पीने का सामान नष्ट कर रहे हैं। घरो के छतो पर कपड़ों को फाड़ दे रहे हैं। यदि लोग इन उत्पाती बंदरों को डंडे से भागने का प्रयास करते है तो उनको दौड़कर काट ले रहे हैं । इसी तरह कैलेंडर तिराहे पर फल एवं सब्जी के दुकानदारों को भी पूरी तरह से परेशान कर रहे हैं। कभी फलों को लेकर भाग जा रहे हैं कभी सब्जियों को। जिससे फल एवं सब्जी व्यापारी दिनभर डंडों से ने भागते रहते हैं फिर भी यह उत्पाती बंदर अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं। उत्पाती बंदर बिजली के लगे हुए तारों पर झूला समझकर झूलते हुए तोड़ दे रहे हैं।

## खबरें फटाफट

### कन्या पाठशाला के पास बना गड्ढा,हादसों को दे रहा दावत

**सिपाह इब्राहिमाबाद (मऊ)** स्थानीय बाजार के गुलाम अकरम सिद्धीकी प्रवेश द्वार से होकर जाना वाला मार्ग दुर्घटनाओं को आमंत्रण देता प्रतीत होता है। ग्रामवासी इल्ताफ अहमद खान, मेराज सुलेमानियां, जावेद अहमद तथा मो. नसीम आदि ने बताया कि उक्त मार्ग कन्या प्राथमिक पाठशाला के पास टूटकर गड्ढे की शक्ल में तब्दील हो चुका है जिससे बरसात का पानी जमा होने के कारण राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है । जानकारी के अनुसार गाँव का उक्त महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग पिछले कई बरसातों से राहगीरों की मुश्किलों का चश्मदीद बना हुआ है। पैदल, साइकिल अथवा बाइक सवारों को उधर से गुजरने से पहले कई बार पूर्वाभ्यास करना पड़ता है लेकिन विकल्पहीनता के अभाव में आखिर लोग करें भी तो क्या?

### चोरों ने लाखों रुपए के सामानों पर किया हाथ साफ

**रतसर।** रतसर कस्बा निवासी सूरज पांडेय बुधवार की दोपहर गड़वार थाने पहुंचकर घर में हुई चोरी की घटना को लेकर तहरीर दी। बताया कि चोरों ने सोने चांदी के लाखों रूपए के आभूषण के साथ टीवी, इनवर्टर, फ्रिज, सिलिंग फैन के साथ आरओ तक उठा ले गये हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि सूरज पांडेय पंजाब के मोहाली में रहते हैं, इसबीच पड़ोसी द्वारा सूचना दी गई थी कि आपके रतसर कस्बा स्थित घर का दरवाजा टूटा हुआ है। आनन–फानन में सूरज घर पहुंचे और जब अंदर गए तो देखा कि आलमारी व बक्सा तोड़कर चोरों ने सोने चांदी के लाखों रूपए के आभूषण के साथ टीवी, इनवर्टर, फ्रिज, सिलिंग फैन के साथ आरओ तक उठा ले गये हैं।

### 25 ऑटो रिक्शा चालकों का काटा चालान

**सिकंदरपुर।** बीते दिनों ऑटो रिक्शा पलटने से हुई छात्र नेता सुनील यादव की मौत के बाद सिकंदरपुर बस स्टेशन चौराहे पर बुधवार की शाम यातयात पुलिस ने अभियान चलाते हुए 25 ऑटो रिक्शा का चालान काटा। इस दौरान ऑटो रिक्शा वालों में हड़कंप की स्थिति देखी गई। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि ऑटो रिक्शा वालों पर कार्रवाई की मांग को लेकर बीते मंगलवार को छात्रों ने सिकंदरपुर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा कर अविलंब ऑटो रिक्शा चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद हरक्कत में आई यातायात पुलिस ने बुधवार की शाम अभियान चलाते हुए 25 ऑटो रिक्शा का चालान काटा।

### पार्टी की नीतियों को घर घर पहुंचाएं कार्यकर्ता

**सिकंदरपुर।** बालूपुर गांव में बुधवार को बहुजन समाज पार्टी की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष व विधानसभा के प्रभारी सनी कुमार मौजूद रहे। बैठक में लोक सभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई तथा कार्यकताओं को दिशा निर्देश दिया गया कि घर घर पहुंच पार्टी की नीतियों के बारे में लोगों को बताया जाय।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय बैंक सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

# ऋण जमा अनुपात में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर डीएम ने जताई नाराजगी

**केटी न्यूज/मऊ**



जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय बैंक सलाहकार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। ऋण जमा अनुपात की समीक्षा के दौरान मार्च 2023 में 35.14 प्रतिशत तथा जून के अंत तक मात्र 35.60 प्रतिशत ऋण जमा अनुपात पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए इसमें तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर सुधार के निर्देश दिए। जनपद में सबसे कम ऋण जमा अनुपात में पंजाब नेशनल बैंक (19.43 प्रतिशत), इंडियन बैंक (19.5 प्रतिशत) तथा स्टेट बैंक आफ इंडिया (21.18 प्रतिशत) का है। जिला अधिकारी ने लीड बैंक मैनेजर को इस दिशा में विशेष प्रयास करने तथा बैंकों में ऋण स्वीकृति हेतु बेहतर माहौल तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे ऋण जमा अनुपात में सुधार हो सके। उन्होंने रिजर्व बैंक आफ इंडिया के जिला प्रतिनिधि को प्रदेश स्तर से कम ऋण जमा अनुपात वाले बैंकों को नोटिस भेजने तथा अगली तिमाही तक ऋण जमा अनुपात को न्यूनतम सीमा 40% तक करने हेतु समस्त आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वार्षिक ऋण योजना में पहली छमाही में मात्र 30.07 प्रतिशत प्रगति पर जिलाधिकारी ने अगले तिमाही में वृद्धि करने के निर्देश लीड बैंक मैनेजर को दिए। समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना (डीआईसी) में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति ज्यादा पाई गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री रोजगार योजना (केवीआईबी)में भौतिक लक्ष्य 50 खातों के सापेक्ष अब तक 28 आवेदन की स्वीकृति पर जिलाधिकारी ने यथाशीघ्र लक्ष्य के सापेक्ष खाता स्वीकृत करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान पहली छमाही में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 70% एवं एक जनपद एक उत्पाद में 74 प्रतिशत की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने निर्धारित लक्ष्य से आगे बढ़कर लोगों को इस योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। जनपद के 2 लाख 80 हजार से भी ज्यादा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित किसानो के किसान क्रेडिट कार्ड बनाए जाने के दृष्टिगत अभी तक लगभग 70000 किसानों के ही क्रेडिट कार्ड बनाए जाने पर जिलाधिकारी ने लीड बैंक मैनेजर को बेहतर कार्य योजना बनाकर कृषि विभाग एवं विकासखंड स्तर से सहयोग लेते हुए कैंप लगाकर पीएम किसान सम्मान निधि योजना वाले किसानों का किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के निर्देश दिए।

### खराब प्रदर्शन वाले बैंकों के खिलाफ पत्र लिखने के निर्देश

जनपद में कार्यरत स्वयं सहायता समूहो के खाता खुलवाने में यूनियन बैंक के 31 तथा बडौदा यूपी बैंक में अभी भी 39 आवेदन लंबित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने लीड बैंक मैनेजर को समस्त लंबित खातों को तत्काल खुलवाना सुनिश्चित करने को कहा। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना में खराब प्रदर्शन वाले बैंकों के खिलाफ पत्र लिखने के निर्देश भी जिलाधिकारी द्वारा दिए गए।

# राष्ट्रीय पोषण माह कार्यशाला का आयोजन

**केटी न्यूज/मऊ**



रानीपुर ब्लाक सभागार में बुधवार को बाल विकास पुस्टाहार विभाग द्वारा छठवीं राष्टीय पोषण माह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्य्रकम की मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख सोनी राज व विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख अरुण सिंह रहे। सुपोषित भारत, साक्षर भारत, शसक्त भारत के तहत बाल विकास विभाग रानीपुर की तरफ से बुधवार को ग्रामीण क्षेत्र से आई पाँच गर्भवती महिलाओ की गोदभराई और दो बच्चों का अन्नप्राशन व पन्द्रह स्वस्थ बालक व बालिकाओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख सोनी राज ने किया।सीडीपीओ रानीपुर रंजीत कुमार ने कहा की स्वस्थ जीवन के लिए पोषक तत्व की आवश्यकता और महत्व,गर्भवती महिला की गोदभराई की परम्परागत अवधारणा और प्रासंगिता व शासकीय मान्यता,पूर्व प्रमुख अरुण सिंह ने कहा कि स्वास्थ एवं पोषक तत्वों का स्थानीय स्तर ग्राम पंचायत स्तर पर प्रचार प्रसार का प्रयोग कर जागरूकता की जरूरत है,इस दौरान मुख्य रूप से सामुदायिक स्वास्थ केंद्र अधीक्षक अशोक चौहान,एडीओ एगी हरिलाल, मुख्य सेविका , आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रही।

◆स्वस्थ बालक व बालिकाओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया




### महिला ने फंदे से लटक अधेड़ ने दी जान

**नगरा।** थाना क्षेत्र के मलप हरसेनपुर गांव में मंगलवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों मे 46 वर्षीय महिला ने फंदे से लटक कर जान दे दी। सुबह उठे परिजनों ने फंदे से महिला को लटकता का शव देख शोर मचाया तथा पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बलिया भेज दिया। नगरा थाना क्षेत्र के मलप हरसेनपुर गांव के संतोष प्रजापति की पत्नी 46 वर्षीय सोनू प्रजापति अपने परिवार के साथ खाना खा पीकर रात को सोने चली गयी।रात में किसी वक्त सोनू प्रजापति ने टीन सेड के बने कमरे में फंदे से लटक कर आपनी इहलीलासमाप्त कर ली।

सुबह कमरे का दरवाजा बंद देखकर परिजनों ने दरवाजा खुलवाया तो दरवाजा नही खुला। इस पर परिजनो ने दरवाजा खोल कर देखा तो उनके होश उड़ गए। सोनू का शव फंदे से लटक रहा था। घबड़ाए परिजन शोर मचाने के साथ ही पुलिस को घटना की सूचना दी।

# पिकअप से हरियाणा निर्मित 15 लाख की शराब बरामद



**केटी न्यूज/बलिया**

गड़वार थाने की पुलिस व स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से बुधवार की सुबह नरांव गांव से पिकप में लदी 15 लाख रूपए के हरियाणा निर्मित अवैध शराब पकड़ने के साथ ही एक आरोपी को धर दबोचा। कुल 3204 लीटर शराब बरामद की गई है । पुलिस ने पिकप को सीज करने के साथ ही आरोपी को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया। सूचना मिली कि नरांव गांव में स्थित शिव मन्दिर के बगल में खण्डहर के पास एक पिकप गाड़ी खडी है तथा 5-6 व्यक्ति आपस में कुछ चर्चा कर रहे हैं। मुझे पूरी शंका है कि पिकप में अवैध शराब लदी हुयी है। इसके बाद मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना गड़वार पुलिस व स्वाट टीम द्वारा मौके से एक नफर अभियुक्त आशु गुप्ता पुत्र सत्यनरायण गुप्ता निवासी छोटी बिशहर थाना खेजुरी उम्र करीब 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया तथा मौके से पिकप वाहन से हरियाणा निर्मित इम्पिरियल ब्लू 750 एमएल की कुल 55 पेटी में कुल 495 लीटर तथा दो 375 एमएल की कुल 123 पेटी में कुल 1107 लीटर सम्पूर्ण 1602 लीटर इम्पिरियल ब्लू शराब कीमत लगभग 15 लाखव एक अदद महिन्द्रा पिकप नम्बर यूपी 60 बीटी 1877 बरामदगी की गयी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में किसान की मौत

**रसड़ा।** कोतवाली क्षेत्र के नरला (महराजपुर) गांव के किसान सुरेंद्र शर्मा (40) पुत्र रामपृत शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में बुधवार को तड़के 4 बजे भोर में मौत हो गई। रसड़ा कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।किसान सुरेंद्र शर्मा मंगलवार की देर सायं धान में पाइप द्वारा पानी बरा रहे थे। इस बीच वह दौड़ते-दौड़ते घर आये और अवानक बेहोश होकर गिर पड़े। इस दौरान उनके मुंह से झाग निकलने पर सर्प दंश का संदेह होने पर ग्रामीण उन्हें अमवाधाम सत्ती स्थान ले गए जहां पर स्थिति में सुधार नहीं होने पर उन्हें मऊ के एक अस्पताल में ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों का संदेह है कि शायद सुरेंद्र शर्मा की मौत विषैले सर्प दंश से हुई हो। परिवार में एकलौते कमाऊ सदस्य की मौत ने परिवार पर दुःखों का पहाड़ ही टूट पडा है। सुरेंद्र की मौत सर्पदंश से या अन्य किसी कारण से हुई इसका वास्तविक पता पीएम रिपोर्ट के बाद ही चल सकेगा।

## जनपद के लंबित राजस्व वादों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न

# एक सप्ताह के अंदर वादों के निस्तारण में लाएं तेजी: डीएम

**केटी न्यूज/मऊ**



जिलाधिकारी अरुण कुमार के अध्यक्षता में तहसील सदर में विभिन्न धाराओं में लंबित राजस्व वादों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने धारा 24, 80, 116,101,67 एवं 24 के तहत माह सितंबर में निस्तारित वादों के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान वादों के निस्तारण के बावजूद अभी तक पोर्टल पर अद्यतन स्थिति अपलोड न किए जाने पर उन्होंने समस्त अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए वादों के निस्तारण की अद्यतन स्थिति को पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए। 20 सितंबर के बाद तहसीलदार कोर्ट में निस्तारित वादों की संख्या पर संतोष प्रकट करते हुए जिलाधिकारी ने विशेष प्रयास कर इसमें और तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने नायब तहसीलदार रतनपुरा, कोपागंज एवं मऊनाथ भंजन के न्यायालय में वादों के निस्तारण की अत्यंत धीमी प्रगति पर संबंधित नायब तहसीलदारों को कड़ी फटकार लगाते हुए एक हफ्ते के अंदर इसमें अपेक्षित सुधार न होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। इसके अलावा संबंधित पेशकारों को भी उन्होंने कड़ी फटकार लगाते हुए समस्त निस्तारित वादों को पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।उप जिला अधिकारी( न्यायिक) कोर्ट में 1163 लंबित मामलों के सापेक्ष 20 सितंबर से 30 सितंबर के बीच भाग 108 वादों एवं उप जिलाधिकारी सदर कोर्ट में 2600 लंबित मामलों के सापेक्ष मात्र 132 मामलों के निस्तारण पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने उप जिला अधिकारी एवं उप जिला अधिकारी सदर को इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए।

### 04 लोगों को जिलाबदर करने का आदेश

**मऊ।** जिला मजिस्ट्रेट अरुण कुमार द्वारा धारा 3(1) उप्र गुंडा एक्ट ,नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 04 लोगों को 06 माह के लिए जिलाबदर करने का आदेश जारी किया गया। जिसमें विपिन त्रिपाठी उर्फ रवि प्रकाश त्रिपाठी पुत्र राम विजय त्रिपाठी निवासी भदसामानोपुर थाना कोपागंज जनपद मऊ, पिंटू सोनकर पुत्र मिठाई सोनकर निवासी दक्षिण टोला महरनियां सोनकर बस्ती थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ, प्रमोद यादव पुत्र रामकुंवर यादव निवासी बन्धनपुर थाना मधुबन जनपद मऊ एवं ओम प्रकाश सिंह जनपद मऊ सामिल है।



## खबरें फटाफट

### भाकपा माले नेता को दी श्रद्धांजलि

**चंदौली।** भगत सिंह विचार मंच की बैठक कैंप कार्यालय सैदूपुर में बुधवार को आयोजित हुई। जिसमें भाकपा (माले) नेता कामरेड सत्यनारायण सिंह के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि कामरेड सत्यनारायण जीवन पर्यंत गरीबों, मजदूरों, किसानो एवं उत्पीड़ित जनता के खिलाफ संघर्षरत रहे। जनता पर हो रहे किसी तरह के जुल्म, उत्पीड़न के खिलाफ आंदोलन में सदैव अगुवा की भूमिका निभाते हुए उनके साथ कंधा से कंधा मिलाकर संघर्ष करने वाले थे। इस दौरान लालजी सिंह, जलालुद्दीन, त्रिभुवन, केशव, सुदामा पांडेय, श्याम बिहारी सिंह, सूर्यनाथ सिंह, दीनबंधु, महेंद्र सिंह आदि लोग शामिल रहे।

### बीजेपी के पूर्व प्रत्याशी की पत्नी का निधन

**गाजीपुर।** सैदपुर थाना क्षेत्र के पौटा ग्राम निवासी वनवासी समाज में अहम भूमिका निभाने वाले जखनियां विधानसभा के भाजपा पूर्व प्रत्याशी रामराज वनवासी की पत्नी राधिका देवी (60 ) मंगलवार शाम को निधन हो गया। वह कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। जिनका इलाज गाजीपुर में चल रहा था। उनकी मृत्यु की खबर पाकर भाजपा जनपद के वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं अन्य गणमान्य लोगों ने संवेदना व्यक्त किया । इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, महामंत्री दयाशंकर पांडेय, मुराहू राजभर, मनोज बिन्द, प्रशांत सिंह, सोभनाथ यादव, पंकज सिंहा, संजीव कुमार गुप्त, मंटू सिंह, सवार्नंद सहित पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता एवं वनवासी समाज के लोग उपस्थित रहे।

### ग्राम प्रधानों ने अभियान पूरा करने का लिया संकल्प

**गाजीपुर।** जखनियां ब्लाक परिसर में बुधवार को अमृत काल महोत्सव के तहत ३मेरी माटी मेरा देश३ का कलश को लेकर आज प्रधानों व ब्लाक कर्मचारियों ने शत प्रतिशत अभियान को पूरा करने का संकल्प लिया। वन्दे मातरम् के नारे लगाए गए। इस मौके पर एडीओ पंचायत राजकमल गौरव ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश का कार्यक्रम सरकार के मनसा अनुरूप हर गांव में चल रहा है। जिसमें गांव के हर घर से मिट्टी को भरकर कलश में रखी जा रही है। कलश को लखनऊ तक भेजा जाएगा ।उन्होंने कहा कि अपने धरोहरों को बचाने का एक बड़ा मुहिम में हर लोगों को शामिल होना चाहिए। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि सवार्नंद सिंह, अशोक गुप्ता, श्याम पत राजभर, हरिकेश यादव, सिकानू राम, रामजियावन यादव, तेजप्रताप उर्फ सोनू सिंह, मदन कुमार, संतोष यादव, हरिशंकर चौहान, श्रीकेश गोड, संजय राजभर, गोविंद यादव, मनोज राम, अखिलेश तिवारी, सतीश कुमार, फैज अहमद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### प्रजापति समाज एवं कुम्हरी के कामगारों को किया जागरूक

**मऊ।** उप्र माटी कला बोर्ड द्वारा जनपद पर एक दिवसीय जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग द्वारा संचालित माटीकला से सम्बन्धित योजनाओ में उ० प्र० माटीकला टूलस किट्स योजना, मुख्य मंत्री माटीकला रोजगार योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की गयी ।जनपद के समस्त तहसीलों एवं विकास खण्डों में अपना उद्योग स्थापित करने हेतु कुम्हारी / शिल्पकारी से सम्बन्धित कामगारों को रुचि रखने वाले अभ्यर्थी ग्रा०-जमीरा चौराडीह पोष्ट-कैनाल हेड वि० खण्ड दोहरीघाट में एक जागरुकता शिविर में प्रतिभाग किया गया।

# सड़क पर जल जमाव से आक्रोशित अलीनगर के लोगों ने किया प्रदर्शन

**केटी न्यूज/अलीनगर**



वार्ड नंबर 5 बिछड़ी में गौसिया मस्जिद को जाने वाले मुख्य मार्ग पर जल जमाव हो जाने से वार्डवासियों को आवागमन करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे सपा नेता व पूर्व सभासद राजाराम सोनकर के नेतृत्व में आक्रोशित दर्जनों वार्डवासियों ने जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया।

अलीनगर वार्ड नंबर 5 बिछड़ी में गौसिया मस्जिद को जाने वाले मुख्य मार्ग सहित तमाम मार्गों पर इन दिनों जल जमाव की स्थिति हो जाने से वार्ड वासियों को आवागमन करना मुश्किल भरा साबित हो रहा है। आवागमन करते समय वार्डवासी गिरकर चोटिल हो जा रहे हैं। यही नहीं स्कूली बच्चों को आवागमन करना जोखिम भरा साबित हो रहा है।

इसकी शिकायत सपा नेता व पूर्व सभासद राजाराम सोनकर ने अधिशासी अधिकारी पीडीडीयू नगर को पत्र लिखकर किया। बावजूद इसके सुनवायी नहीं होने पर बुधवार को सपा नेता राजाराम सोनकर के नेतृत्व में वार्डवासियों ने जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से राजू अहमद, मोइनुद्दीन, एकलाक अहमद , अरविंद रस्तोगी, मोहम्मद खालिद, इमरान खान,मेराज हाशमी सहित तमाम शामिल रहे।

## सपा कार्यकताओं ने मनाया स्थापना दिवस

**गाजीपुर।** जखनियां रेलवे स्टेशन के परिसर में समाजवादी पार्टी कार्यकताओं ने आज सपा की स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस मौके पर सपा के ब्लॉक अध्यक्ष राम प्रवेश गोड ने कहा कि सपा पार्टी का गठन 4 अक्टूबर 1992 में मुलायम सिंह यादव जी ने किया था और अपने जीवन काल में मुलायम सिंह यादव रक्षा मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री के पद पर आसीन रहते हुए देश में नई क्रांति लाने का कार्य किया। अब सपा का कार्यभार पूर्व सीएम अखिलेश यादव में मजबूत हो रहा है।

## डीएम के नेतृत्व में जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न

# महिलाओं को नि:शुल्क भोजन दवा व अन्य सुविधाएं दें: डीएम

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति` (शासी निकाय) की बैठक रायफल क्लब सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जननी सुरक्षा योजना कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं को निःशुल्क भोजन, दवा एव ड्राप बैक की सुविधा, ओपीडी एवं अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा की गई। सीएचसी जखनियां, भदौरा एवं सैदपुर मे कम ओपीडी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित एमओवाईसी को समीक्षा करने एवं समस्त सीएचसी, पीएचसी पर सीसीटीवी कैमरा का संचालन रिकॉर्डिंग मोड पर रखने का निर्देश दिया। बैठक मे बरुइन एमओवाई सी के अनुपस्थित होने पर वेतन रोकने एवं रेवतीपुर, जखनिया एमओवाईसी के कार्यों मे कम प्रगति पर स्पष्टिकरण का निर्देश दिया।समीक्षा के दौरान उन्होने कहा कि हेल्थ वेलनेस सेन्टर पर आवश्यक दवाओ की उपलब्धता रहे, ओ0पी0डी0 का संचालन तथा नियमित रूप से सीएचओ एवं एनएम की उपस्थिति का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित चिकित्सा अधीक्षको को हेल्थ वेनलेस सेन्टर की क्रियाशीलता बराबर चेक करते रहने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान उन्होने जननी सुरक्षा योजनार्न्तगत गर्भवती महिलाओं के संस्थागत प्रसव के सम्बन्ध मे जानकारी लेते हुए इस कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओ को निःशुल्क भोजन, तथा दवा एव ड्राप बैक की सुविधा के साथ-साथ 48 घण्टे रोके जाने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने ई-कवच, जननी सुरक्षा योजना, जे0एस0वाई के भुगतान, मातृत्व मृत्यु दर की समीक्षा, परिवार कल्याण कार्यक्रम, टीकाकरण, आशा/जे एस वाई भुगतान, क्षय रोग नियंत्रण, कुष्ठ उन्मूलन, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, आयुष्मान कार्ड, जन्म-मृत्यु पंजीयन,एवं अन्य बिन्दुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की।

### 69 प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया प्रमाण पत्र

**पीडीडीयू नगर।** पूर्व मध्य रेल द्वारा ह्यरेल कौशल विकास योजनाह्य के अन्तर्गत युवाओं को उद्योग आधारित प्रशिक्षण प्रदान कर कुशल एवं रोजगार के लिए सक्षम बनाने के प्रयास के तहत युवाओं को सात से 27 सितंबर तक पर्यवेक्षक प्रशिक्षण केंद्र एवं यांत्रिक कारखाना/ समस्तीपुर, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना/हरनौत तथा इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन प्रशिक्षण केंद्र/पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 24वें बैच तथा सिगनल एवं दूरसंचार प्रशिक्षण केंद्र/दानापुर में 22वें बैच के रूप में प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षणोंपरांत कुल 69 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं की गई।

### मिले दो करोड़ रुपये, भरे जाएंगे 525 किमी सड़कों के गड्ढे

**चंदौली ।** जिले की अधिकांश सड़कों पर गड्ढे होने से आवागमन में दिक्कत हो रही है। शासन के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी ने जिले की 21 सड़कों के करीब 525 किलोमीटर हिस्से पर बने गड्ढों को भरने के लिए छह करोड़ 80 लाख रुपए की कार्ययोजना बनाकर भेजी थी। कार्ययोजना को मंजूरी मिलने के साथ शासन की ओर से पहली किश्त के रूप में विभाग को दो करोड़ की धनराशि उपलब्ध करा दी गई है। वर्तमान में बबुरी से धरौली और मुगलसराय भूपौली चहानिया मार्ग पर गड्ढों को भरने का कार्य चल रहा है।वर्षों में चले गड्ढामुक्ति अभियान के दौरान सड़कों पर बने गड्ढों को भरने में केवल खानापूर्ति की गई थी। इससे गड्ढे बरकरार रहे और लोगों को आवागमन में परेशानी होती रही। पीडब्ल्यूडी ने सड़कों का सर्वे कराकर गड्ढों को भरने के लिए शासन से छह करोड़ 80 लाख रुपये की मांग की थी जिसमें दो करोड़ रुपये विभाग को प्राप्त हो गए हैं। अब प्रांतीय खंड की 220.50 और निर्माण खंड की 305.38 किलोमीटर सड़कों पर बने गड़ढों पर पैच मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है।

## दरवाजा जलाकर लाखों रुपये की बैट्री व अन्य कीमती सामान चोरी



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

दुल्लहपुर थाने के देवा गांव स्थित गाजीपुर- आजमगढ़ राजमार्ग पर हार्डवेयर व बैट्री के गोदाम में चोरों ने दिया बड़ी घटना को अंजाम। गोदाम मालिक विकास जायसवाल ने बताया कि चोरों ने पीछे से लकड़ी का दरवाजा जलाकर अंदर प्रवेश किया। जिसमें छोटी -बड़ी 40 बैट्री, जिसकी कीमत 200000 लाख तथा 10 पेटी मोबिल कीमत लगभग पचास हजार ,10 पीस टायर कीमत लगभग चालीस हजार, 32 चैनल का डीवीआर कीमत लगभग तीस हजार चोरी हुई। अनुमान लगाया जा रहा है कि चोर पहले रैंकिंग किए होंगे और रात में किसी वाहन में सामान को लाद कर फरार हो गए। सुबह 8:30 बजे गोदाम खोलने गए तो टूटा दरवाजा देखकर गोदाम मालिक विकास जायसवाल के होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना 112 पीआरबी पुलिस को दी मौके पर थाने के उपनिरीक्षक यज्ञनारायण यादव अन्य पुलिसकर्मी जांच पड़ताल में जुड़ गए। मालूम उसको इसके पूर्व में भी सोनू गुप्ता के कोल्ड ड्रिंक के गोदाम में भी चोरों ने चोरी घटना को अंजाम दिया था। जिसका खुलासा आज तक नहीं हो पाया। इसके अलावा श्याम स्टूडियों में भी 4 लाख के कीमती कैमरे भी चोरी कर लिए गए।

### बिरनो ब्लॉक में शिविर मेले का आयोजन

**गाजीपुर।** नीति आयोग के आकांक्षात्मक चयनित विकास खंड बिरनो के बधोपुर में सीडीपीओ राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में बाल विकास केंद्र पर शिविर मेले का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि बिरनो ब्लाक के ब्लाक प्रमुख राजन सिंह व विशिष्ठ अतिथि परियोजना निदेशक रहे। दोनों अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर किया।

कार्यक्रम के तहत गोद भराई. कार्यक्रम को गति लाने के लिए मुख्य सेविका आशा देवी. अपराजिता सिंह. विद्यावती देवी. मीना देवी आदि आंगनवाड़ी कार्यशील रहीं। ब्लाक प्रमुख राजन सिंह ने महिलाओं को स्वस्थ्य रहने व बच्चों को स्वस्थ्य रखने के लिए सफाई पर ध्यान देना होगा. परियोजना अधिकारी ने सरकार की मंशे को बताया कि सरकार चाहती है कि पिछड़े हुए ब्लाक और विकसीत हों. वहीं सीडीपीओ राजेश सिंह ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को गोदभराई का कार्यक्रम में उन्हें फल.पुष्टाहार वितरण व बच्चों को अमृत का दो बूंद पिलाया गया।

## सड़क किनारे गड्ढे खोदे जाने से कई स्कूली वाहन पलटने से बचे



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

शासन के निर्देश पर गांव में विकास की लहर दौड़ाने की योजना में लापरवाही के वजह से आम जनजीवन पर असर पड़ रहा है। मालूम हो की कुछ दिन पहले सड़क के किनारे गड्ढे खोदकर हर गांव को ब्रॉडबैंड से जोड़ने के लिए सड़क के किनारे गड्ढे खोदकर तार बिछाने का कर तो किया गया, लेकिन गड्ढे को सही से पाटा नहीं गया। साथ ही बाद में जल निगम के पाइप बिछाने का कार्य करने के लिए गड्ढे खोदे गए, लेकिन गड्ढे को सही से पाटा नहीं गया। जिसका नतीजा रहा की आज दो जगह स्कूली वाहन गड्ढे में फंसने से बाल बाल दर्जनों बच्चे बचे। कहीं न कहीं ठेकेदारों की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। अभी दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के दामोदरपुर गांव में मां पार्वती चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल देवा का मैजिक गड्ढे में ही पलटने से बाल बाल बच्चे बच गए।तत्काल चालक ने बच्चों को मैजिक वाहन से बाहर निकाल और काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला जा सकता। इसी तरह तिरछी गांव के पास जखनियां से अमारी जाने वाली मार्ग पर भी निजी स्कूल की बस नहर में पलटने से बाल बाल बचे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सैदपुर में निकाली स्वच्छता जागरुकता रैली

# साफ सफाई जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू

**केटी न्यूज/चंदौली**




राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेशानुसार जनपद न्यायाधीश सुनील कुमार चतुर्थ, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंदौली के निर्देश पर तथा अपर जनपद न्यायाधीश पूर्णकालिक सचिव ज्ञान प्रकाश शुक्ल के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति तहसील चकिया के तहसीलदार सुरेश चंद्र महोदय के संरक्षण में बुधवार को किसान इंटर कालेज सैदूपुर मे पारा विधिक स्वयं सेवकों द्वारा स्कूल के छात्र छात्राओं के साथ स्वच्छता एवं जागरुकता रैली निकाली गई।

रैली को प्रधानाचार्य राजेश कुमार, पुलिस चौकी प्रभारी सैदूपुर दुर्गा दत्त सिंह यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । रैली में शामिल लोगों ने हाथों में स्वच्छता के स्लोगन लिए रहवासियों को बताया कि साफ सफाई हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है हमारे जीवन का प्राथमिकता भी है ।स्वच्छता जरूरी है, क्योंकि साफ सफाई से हम जीवन में आने वाली कई परेशानियों से मुक्ति पा सकते हैं स्वच्छता अभियान का अर्थ है सफाई से रहने की आदत सफाई से रहने से जहा शरीर स्वस्थ रहता है वहीं स्वच्छता तन और मन के खुशी के लिए आवश्यक है स्वच्छता सभी लोगों को अपनी दिनचर्या में अवश्य ही सामिल करना चाहिए। राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी ने कहा था स्वच्छता ही सेवा हैं हमारे देश के लिए हमारे जीवन में स्वच्छता की बहुत जरूरत है गंदगी हमारे आसपास के वातावरण और जीवन को प्रभावित करती है हमें व्यक्तिगत और आसपास भी सफाई अवश्य करनी चाहिए और दूसरों को भी प्रेरित करनी चाहिए स्वच्छता के प्रति एक अछा सराहनीय कदम है वातावरण को शुद्ध रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना चाहिए रैली स्कूल से पुलिस चौकी सैदूपुर बाजार से होते हुए सरैयां से होते हुए वापस होकर इंटर कालेज मैं आकर स्वच्छता की प्रतिज्ञा दिला कर समाप्त हुई।जिसमें पैरा लीगल वालंटियर प्रीति शर्मा,अंजु शर्मा, रजनीश कुमार, कृष्णानंद सिंह कुमार,प्रेम कुमार,राजकुमारी,सरिता देवी, सरफुद्दीन अंसारी,रबी प्रकाश सिंह,वरुण दूवे, अभिषेक कुमार सिंह,छाया रानी,रामाशीष,मोहन, अर्चना,अमृता,विनय कुमार, राम दुलारइंटर कालेज के प्रधानाचार्य राजेश कुमार एवं वरिष्ठ अध्यापक प्रदीप कुमार सिंह ,राम प्रकाश राय ,दिलीप सिंह ,कृष्ण कुमार सिंह, करुणापति शुक्ला, सुरेंद्र जी एवं छात्र गिरीश कुमार शर्मा, अखिलेश, सत्य प्रकाश, छात्राएं स्नेहा, सृष्टि, काव्या, प्रतिमा, प्रेरणा, खुशबू, खुशी आदि उपस्थित थे।

### आप सांसद की गिरफ्तारी के विरोध में कार्यकताओं ने किया प्रदर्शन

**चंदौली।** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के नई दिल्ली स्थित आवास पर ईडी के छापे स और उनकी गिरफ्तारी से नाराज कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। साथ ही केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर आप कार्यकताओं को परेशान करने व डराने का आरोप लगाया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार के किए गए घोटालों को पार्टी के सांसद संजय सिंह लगातार उजागर कर रहे हैं। इसलिए उनके घर पर ईडी के छापे डाले गए हैं। केंद्र सरकार ने ईडी को भेजकर संजय सिंह और उनके परिवार को परेशान करने का काम कर रहा है, लेकिन भाजपा और नरेंद्र मोदी से डरने वाले नहीं हैं।

## एक नजर

### पुलिस की चेकिंग अभियान से मचा रहा हड़कंप



**चहनियां (चंदौली)।** जनपद के तीरगांवा सैदपुर पुल बलुआ पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया । इस दौरान चार पहिया वाहन सीज किए गए। वहीं कई गाड़ियों का चालान किया गया । चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार के निर्देश व क्षेत्राधिकारी सकलडीहा राजेश राय के दिशा निर्देशन पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए बलुआ थाना प्रभारी बिनोद कुमार मिश्रा व मारुफपुर चौकी प्रभारी अभिषेक शुक्ला ने मय फोर्स बुधवार की शाम को गाजीपुर चंदौली बॉर्डर तीरगांवा सैदपुर पर चेकिंग अभियान चला कर बिना नंबर प्लेट के एक चार पहिया वाहन को सीज कर दिया । वहीं एक चार पहिया वाहन व 17 दोपहिया वाहनों का चालान किया गया। इस दौरान वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

### सकलडीहा विधायक ने डीएम से मांगा मुआवजा



**अलीनगर(चंदौली)।** थाना क्षेत्र के कोरी गांव निवासी सुजीत यादव 21 वर्ष की बिहार पुलिस परीक्षा देकर वापस लौटते समय हाजीपुर के समीप ट्रेन से गिरने की मौत एक अक्टूबर की देर रात मौत हो गई। इसकी खबर लगते ही सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण यादव बुधवार को पहुंच कर परिजनों को ढाढस बंधाया। वहीं जिलाधिकारी व एसडीएम से टेलीफोन द्वारा वार्ता कर पीड़ित परिवार को आर्थिक मुआवजा दिलाने की मांग की। अलीनगर थाना क्षेत्र के कोरी गांव निवासी राजकुमार यादव का पुत्र सुजीत कुमार यादव 21 वर्ष 30 सितंबर को बिहार पुलिस परीक्षा में शामिल होने चंपारण बिहार गया था। वापस लौटते समय एक अक्टूबर को हाजीपुर के समीप ट्रेन से गिरने से मौत हो गई। इसकी जानकारी होते ही सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण यादव बुधवार को परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। वहीं जिलाधिकारी व एसडीएम से टेलीफोन द्वारा वार्ता कर पीड़ित परिवार को आर्थिक व कृषि दुर्घटना बीमा के तहत उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख बाबूलाल यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मण पासवान, जिला महासचिव अरविंद यादव बबलू, अधिवक्ता सभा के प्रदेश महासचिव अमित यादव,ग्राम प्रधान उमाशंकर यादव, किसान नेता केदार यादव, उमाशंकर ड्राइवर, रामनाथ, डॉ राजकुमार, सुरेंद्र यादव, राम अवध यादव, गुलाब यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### ग्राम रोजगार सेवकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही प्रदेश सरकार: कन्हैया लाल



**चंदौली।** ग्राम रोजगार सेवक एकता संघर्ष समिति की ओर से बुधवार को मुख्यालय स्थित धरना स्थल पर 8 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया। दौरान रोजगार से पुणे सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। अंत में धरना स्थल से जुलूस निकालकर कलेक्टर पहुंचे ।जहां पर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। चेताया कि सरकार अगर हमारी मांगों पर तत्काल विचार नहीं करती है तो ग्राम रोजगार सेवक एकता संघर्ष समिति संघर्ष करने के लिए बाध्य होगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष कन्हैया लाल यादव ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभा के माध्यम से घोषणा किया था कि रोजगार सेवकों को हिमाचल, राजस्थान, मध्य प्रदेश की तरह उत्तर प्रदेश में भी मानदेय की बढ़ोतरी की जाएगी,लेकिन आज तक उसे पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। कहा कि ग्राम रोजगार सेवकों को नियमित करते हुए राज कर्मचारी का दर्जा दे जाने की मांग कई वर्षों से किया जा रहा है, लेकिन आज तक इस पर सरकार की ओर से कोई अमल नहीं किया गया। इस दौरान रवि प्रकाश पांडेय राम अवतार चौहान, पवन गुप्ता, अजीत, पियूष, सावित्री सिंह, विनीत, विनय जायसवाल, मुकेश सिंह, चंदन, इम्तियाज, मनोज, दिनेश गुप्ता, अनीता, रवि कुमार, संजीव आदि उपस्थित रहे।

### पार्टी की मजबूती के लिए कार्यकताओं को एकजुट होकर करना होगा कार्य: जिलाध्यक्ष



**चंदौली।** प्रगतिशील मानव समाज पार्टी की मासिक बैठक मुख्यालय स्थित बिछिया धरना स्थल पर बुधवार को हुई। इसमें कार्यकताओं ने संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए विस्तार से चर्चा किया। वहीं आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकताओं से एकजुट होकर पार्टी के लिए काम करने का आवाहन किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष भोला बिंद ने कहा कि बाल राइटिंग पूरा होने के बाद सभी कार्यकर्ता विशाल रैली के लिए एकजुट होकर काम करें। कार्यकर्ता ही पार्टी की रीड होते हैं होते हैं। जिलाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद बिंद ने कहा कि सभी कार्यकताओं पार्टी के मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करना होगा। इससे पार्टी मजबूत बन सके। हम लोगों को बूथ का गठन करके अपने झंडे के साथ घर-घर जाकर लोगों को पार्टी के नीतिओ के बारे में समझाना होगा। इस दौरान प्रेम पासवान, ठाकुर प्रसाद, बसंत कुमार चौहान, सद्दाम हुसैन, रमेश पासवान, जगत नारायण बिंद, मोहन रसिया, रंजीत यादव शशि प्रभा, सफुन बेगम राम अवतार, आदि उपस्थित रहे।

### रेवतीपुर ब्लॉक स्थित नवली गांव में जन चौपाल व पंचायत संवाद कार्यक्रम आयोजित

**गाजीपुर।** रेवतीपुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत नवली गांव में बुधवार को जन चौपाल एवं पंचायत संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसका शुभारंभ बलिया सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बोलते हुए मुख्य अतिथि एवं सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने कहा कि हिंदुस्तान चेन्नई, कलकत्ता, मुम्बई में नहीं बसता है। हिंदुस्तान के साढ़े छह लाख गांव में बसता है। सांसद ने कहा कि गाँव अगर समृद्ध रहेगा तो देश समृद्ध रहेगा। गाँव में भाजपा सरकार के द्वारा विभिन्न तरह की जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है।लोगों से आह्वान किया कि बढचढ कर योजनाओं का लाभ लें,कहा कि सदुर गावों, ब्लाक को प्रधानमंत्री सडक योजना से जोडने का काम किया जा रहा है।उन्होनें मौके पर मौजूद डीएम आर्यका अखौरी सहित अन्य अधिकारियों, विभागों से आह्वान किया कि सरकार की योजनाओं को सुचारु रूप से चला योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाया जाए।सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने लोगों मोटे अनाज का उपयोग पर जोर दिया ।पंचायत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सांसद ने कहा कि गाँव के दूरदराज के खेतों को मनरेगा के माध्यम से सडक मार्ग से जोडा जाए ताकि लोगों को आवागमन में सहुलियत हो सके। उन्होंने कहा कि मोदी, योगी की सरकार है कि आज हर तबके को सम्मान मिल रहा है।